TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper ▮ Trial Edition
इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर होगा विकसित (पेज-3)
▮ पृष्ठ- 8 ▮ वर्ष-01 अंक-51 ▮ मूल्य ₹7 ▮ रविवार ▮ दिनांक- 23.08.2026

# एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा में रचा गया इतिहास, पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण संपन्न

- पत्नी ने पेश की अनूठी मिसाल, पति को अपनी किडनी दान कर दी नई जिंदगी
- मुख्यमंत्री असाध्य रोग उपचार योजना के तहत मिली आर्थिक मदद, गरीब परिवार का बनी सहारा
- एसजीपीजीआई लखनऊ और एसएन मेडिकल कॉलेज की टीम का ऐतिहासिक संयुक्त प्रयास
- आगरा मंडल के मरीजों को बड़ी राहत, अब दिल्ली, लखनऊ या जयपुर के चक्कर लगाने से मिलेगी मुक्ति



टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजनगरी के सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज (एसएनएमसी) ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया और स्वर्णिम मील का पत्थर स्थापित किया है। एसएन मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को इतिहास रचते हुए पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट (गुर्दा प्रत्यारोपण) संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को नया जीवन दिया है, बल्कि पूरे आगरा मंडल के लिए उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के नए द्वार भी खोल दिए हैं।

क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे और लंबे समय से डायलिसिस के सहारे जी रहे एक 32 वर्षीय युवा मरीज को उसकी पत्नी ने अपनी किडनी दान देकर एक नई जिंदगी का अमूल्य उपहार दिया है।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। इस पूरे जटिल और जीवन रक्षक प्रत्यारोपण में भी सरकार का अहम योगदान रहा है। यह महंगा और जटिल इलाज 'मुख्यमंत्री असाध्य रोग उपचार योजना' के अंतर्गत प्राप्त वित्तीय सहायता से ही संभव हो सका। योगी सरकार की इस संवेदनशील पहल और दूरदर्शी नीति से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के इस मरीज को उच्चस्तरीय उपचार बिल्कुल मुफ्त और सुलभ हो पाया।

**प्रत्यारोपण में शामिल प्रमुख विशेषज्ञ टीमः**

**एसजीपीजीआई, लखनऊ टीमः**
**यूरोलॉजी / गुर्दा प्रत्यारोपणः** डॉ. एमएस अंसारी, डॉ. संजय कुमार सुरेका, डॉ. आशीष रंजन
**नेफ्रोलॉजीः** डॉ. मानस रंजन बेहरा
**एनेस्थीसियाः** डॉ. तपस कुमार सिंह, डॉ. बोनचनपल्ली मोहन कुमार
**नर्सिंग स्टाफः** सोसाकुट्टी विल्सन, विजय कुमार, आकांक्षा गौतम
**एसएनएमसी, आगरा टीमः**
**नेफ्रोलॉजी विभागः** डॉ. अपूर्व जैन (विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर), डॉ. मुदित खुराना, डॉ. कैरवी भारद्वाज
**यूरोलॉजी विभागः** डॉ. प्रशांत लवानिया, डॉ. अंकुश गुप्ता, डॉ. विजय त्यागी, डॉ. प्रदीप देब, डॉ. अभिषेक पाठक
**एनेस्थीसिया विभागः** डॉ. योगिता द्विवेदी, डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ. राजीव पुरी, डॉ. अतिहर्ष मोहन, डॉ. प्रवीण पांडेय

### अब किडनी ट्रांसप्लांट के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाएंगे मरीज

यह ऐतिहासिक किडनी प्रत्यारोपण संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई), लखनऊ की विशेषज्ञ टीम के कुशल मार्गदर्शन और एसएनएमसी आगरा की समर्पित स्थानीय डॉक्टरों की टीम के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ऑपरेशन थियेटर में किडनी ट्रांसप्लांट (गुर्दा प्रत्यारोपण) की यह जटिल सर्जरी सुबह 9:30 बजे शुरू हुई और बिना किसी रुकावट के दोपहर 3:00 बजे तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। एसएनएमसी में इस अत्याधुनिक सुविधा के शुरू होने से अब आगरा और आसपास के जनपदों के मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए दिल्ली, लखनऊ या जयपुर जैसे महानगरों के महंगे अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे मरीजों का भारी आर्थिक बोझ कम होगा और समय पर समुचित उपचार मिल सकेगा।

### एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि

इस ऐतिहासिक सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि यह एसएन मेडिकल कॉलेज एवं पूरे आगरा मंडल के लिए एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि है। स्थानीय स्तर पर ट्रांसप्लांट की यह सुपर-स्पेशियलिटी सुविधा शुरू होने से इस क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलेगा। मैं इस शानदार सफलता के लिए एसएनएमसी की पूरी टीम को बधाई देता हूँ। साथ ही एसजीपीजीआई लखनऊ की टीम का उनके बहुमूल्य सहयोग व कुशल मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

### मरीज और किडनी दानकर्ता दोनों की स्थिति पूरी तरह से स्थिर

मरीज और डोनर के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. अपूर्व जैन ने बताया कि सर्जरी के बाद मरीज और किडनी दानकर्ता (पत्नी) दोनों की स्थिति पूरी तरह से स्थिर है और वे तेजी से रिकवर कर रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि किडनी प्राप्तकर्ता मरीज के शरीर में नई किडनी ने अच्छी तरह से काम करना शुरू कर दिया है। हमारी टीम दोनों के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रही है।

### मुख्यमंत्री असाध्य रोग उपचार योजना हमारे लिए संजीवनी बनकर आई

बेटे को मिला नया जीवन देखकर भावुक हुए पीड़ित मरीज के पिता पप्पू सिंह ने कहा कि मेरा बेटा काफी समय से डायलिसिस पर था और हमारी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि हम लाखों रुपये खर्च करके कहीं बाहर इसका इलाज करा पाते। मुख्यमंत्री असाध्य रोग उपचार योजना हमारे लिए संजीवनी बनकर आई। मेरे बेटे की जान माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मदद और इन देवदूत समान डॉक्टरों की वजह से बची है। मैं योगी सरकार और एसएनएमसी की पूरी टीम का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने हमारे परिवार को उजड़ने से बचा लिया।

**अखिलेश का मायावती पर वार**

# 'सपा कभी गठबंधन नहीं तोड़ती, जब साथ लेती तो साथ निभाती हैं'

एजेंसी, लखनऊ।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बसपा प्रमुख मायावती के तीखे हमलों पर पलटवार कर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा कभी गठबंधन नहीं तोड़ती, बल्कि पूरी ईमानदारी से साथ निभाती है। अखिलेश ने ये बातें अपने पिता मुलायम सिंह के गुरू उदय प्रताप सिंह की किताब अभिनंदन ग्रंथ के विमोदन के दौरान कहीं हैं।

बसपा प्रमुख मायावती के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आज के दौर में सच बोलना भी गलत माना जाता है और सच बोलना बहुत मुश्किल हो गया है।

**सपा नहीं तोड़ती गठबंधनः अखिलेश**

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि समाजवादी पार्टी कभी किसी से गठबंधन नहीं तोड़ती है। समाजवादी पार्टी जब किसी का साथ लेती है तो हमेशा मजबूती से साथ निभाती है। उन्होंने कहा कि सपा किसी को नहीं छोड़ती, बल्कि लोग खुद समाजवादी पार्टी को छोड़कर चले जाते हैं।

अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों और जयंत चौधरी का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी को अपने सभी सहयोगी दलों को ज्यादा से ज्यादा सीटें देनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि बीजेपी अपने सहयोगी दलों को कम से कम चार गुना सीटें यानी 120 सीटें दे। अखिलेश ने कहा कि यदि बीजेपी उन्हें 120 सीटें नहीं दे रही है, तो वह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी का अपमान कर रही है।



### विकास के दावों पर सवाल

अखिलेश यादव ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा कि मुनाफे के लिए पेट्रोल में एथेनॉल मिलाकर चीनी महंगी की जा रही है। एक तरफ प्रति व्यक्ति आय बढ़ने का दावा हो रहा है और दूसरी तरफ 15 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। उन्होंने प्रयागराज में 1 लाख करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी जलभराव की स्थिति पर सवाल उठाए। साथ ही कहा कि उन्हें किसी बुलेट प्रूफ जैकेट की जरूरत नहीं है।

### मायावती का अखिलेश पर निशाना

इससे पहले बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबा पोस्ट लिखकर अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला था। मायावती ने कहा कि सपा प्रमुख द्वारा अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी रालोद और उसके नेता व केंद्रीय मंत्री के बारे में 'चवन्नी से रुपया बनाने' जैसा बयान देना पूरी तरह अमर्यादित, अशोभनीय और अति-शर्मनाक है। मायावती ने मांग की कि इस अहंकारी बयानबाजी के लिए अखिलेश यादव को रालोद, जयंत चौधरी, चौधरी चरण सिंह के परिवार और पूरे जाट समाज से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। मायावती ने अपने पोस्ट में सपा के चाल, चरित्र और चेहरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि सपा का रवैया सहयोगियों के प्रति हमेशा संकीर्ण और अविश्वसनीय रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी अहंकारी स्वभाव के कारण 1993 में मुलायम सिंह यादव के साथ बना सपा-बसपा गठबंधन टूटा और 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड हुआ। इसके बाद अखिलेश यादव के साथ हुआ लोकसभा गठबंधन भी सपा के अहंकारी और स्वार्थी रवैये के कारण टूट गया।

### पीडीए पर बसपा प्रमुख का वार

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा गठबंधन में केवल अपना काम निकालना जानती है और काम निकलते ही गिरगिट की तरह रंग बदल लेती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव राजनीतिक स्वार्थ के लिए 'पीडीए' में 'पी' की परिभाषा बदलते रहते हैं। मायावती ने आरोप लगाया कि सपा शासन में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और ब्राह्मण समाज का उत्पीड़न हुआ और केवल अराजक तत्वों का भला हुआ। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में जनता से सपा को सत्ता में न आने देने की अपील की।

### साहित्यकारों को किया सम्मानित

लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव के गुरु उदय प्रताप सिंह की पुस्तक 'अभिनंदन ग्रंथ' का विमोचन किया। इस दौरान कई प्रमुख साहित्यकारों और कवियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मालविका हरिओम भी शामिल रहीं। मालविका हरिओम 1997 बैच के यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी हरिओम की पत्नी हैं। आईएएस हरिओम वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव पद पर कार्यरत हैं।

### सीएम पर अखिलेश का तंज

इसी कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि जापान वाले बच्चे ने थोड़ी रिसर्च की होती तो वह उनके साथ सेल्फी न लेता। उन्होंने कहा कि सरकार जाने के बाद यही काम रहेगा। अखिलेश ने पीडीए की नई परिभाषा देते हुए कहा कि इसका मतलब 'प्रेम, दया और अपनापन' है। उन्होंने अपनी सरकार के दौरान अक्षयपात्र योजना के तहत बच्चों को दिए गए गर्म खाने का भी उल्लेख किया।

## 70 करोड़ महिलाएं देश की असली ताकतः राहुल

**पुणे।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में पहुंचे। इस कार्यक्रम में सिर्फ छात्राएं शामिल हुईं। राहुल गांधी के मंच पर पहुंचते ही छात्राओं ने 'राहुल-राहुल' के नारे लगाए। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि देश की लड़कियों का आजाद होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिता, पति और बेटे से महिलाओं का रिश्ता है, लेकिन उनकी पहचान इन रिश्तों से तय नहीं होती।

राहुल गांधी ने कहा कि आज मैं राजनीति की बात करने नहीं आया हूं। आज आपको मौका दूंगा। आज आप बोलें कि आप क्या सोचती हैं और क्या चाहती हैं। हम आपके विचारों को आपसे ही साझा करेंगे और उस पर चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने एक छात्रा से सवाल किया कि कोई पुरुष किसी महिला को नियंत्रित क्यों करना चाहता है। उन्होंने पूछा कि क्या वह महसूस करती हैं कि पितृसत्ता के तहत पुरुष उन्हें नियंत्रित करना चाहता है। छात्रा ने जवाब दिया कि वह खुद को एक इंसान के रूप में देखती हैं। उन्होंने कहा कि जब लोगों की ओर से यह कहा जाता है कि 'तुम तो एक महिला हो', तो उन्हें गुस्सा आता है।

**'70 करोड़ लोगों के सपने भारत की ताकत'**

राहुल गांधी ने आगे कहा कि जब भारत की ताकत की बात होती है तो कोई सेना की बात करता है और कोई दूसरी चीजों का जिक्र करता है। लेकिन, देश के 70 करोड़ महिलाओं के सपने और विचार ही भारत की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को तीन दायरों में रखकर देखा जाता है, पत्नी, बेटी और मां। ये रिश्ते गलत नहीं हैं, लेकिन किसी महिला की पूरी पहचान केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हो सकती। राहुल ने मनुस्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें लड़की को बचपन में पिता, युवावस्था में पति और बुढ़ापे में बच्चों पर निर्भर बताया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे शब्द शर्म की बात हैं।

# चीनी 70 प्रति किलो, खड़गे बोले- ये कैसा आत्मनिर्भर भारतः 3 महीने में 40% महंगी हुई

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को चीनी की बढ़ती कीमतों और स्टॉक पर सरकार से 3 सवाल किए। उन्होंने पूछा कि ये कैसा आत्मनिर्भर भारत है, जहां विदेश से चीनी आयात की जा रही है और दूसरी तरफ गन्ने को पेट्रोल में मिलाने के लिए एथेनॉल में झोंका जा रहा है। हालांकि, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को चीनी की बढ़ती कीमतों के लिए एथेनॉल उत्पादन को जिम्मेदार मानने से इनकार किया था।

देश के कई शहरों में चीनी की कीमत 70 रुपए किलो तक पहुंच गई है। पिछले 3 महीने में इसके दाम करीब 40% यानी ?19 प्रति किलो तक बढ़े हैं। कीमत कम करने के लिए केंद्र ने 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन रॉ शुगर बिना ड्यूटी के आयात करने की मंजूरी दी है।

### चीनी का स्टॉक कम होने की 4 बड़ी वजह

**1. मौसम खराब होने से गन्ने से चीनी कम बनी**

नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (ठ्रऋउरत्र्) के मुताबिक, पिछले साल ज्यादा बारिश से गन्ने 'की फसल को नुकसान हुआ। इससे गन्ने से चीनी बनने की दर यानी रिकवरी रेट 12 प्रतिशत से नीचे आ गया। मतलब 100 किलो गन्ने से 12 किलो से भी कम चीनी बनी। इससे देश का चीनी उत्पादन करीब 3 करोड़ टन रहा, जबकि अनुमान 3.2 करोड़ टन का था

**2. गन्ने का बड़ा हिस्सा एथेनॉल बनाने में खपा**

सरकार की नई एथेनॉल ब्लेंडिंग पॉलिसी के तहत गन्ने का एक बड़ा हिस्सा चीनी की बजाय एथेनॉल बनाने में खप रहा है। ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, देश में पिछले साल 720 करोड़ लीटर एथेनॉल बना। इसके लिए 1.33 करोड़ टन अनाज व 25 लाख टन चीनी बनाने लायक गन्ना-शीरा लगा। इसमें 34 लाख टन गन्ना था।

**3. कम स्टॉक के बावजूद चीनी का एक्सपोर्ट**

केंद्र सरकार ने नवंबर 2025 में 15 लाख टन चीनी के निर्यात को मंजूरी दी थी। फरवरी 2026 में 5 लाख टन की मंजूरी और बढ़ा दी। सरकार ने कीमतें बढ़ने पर मई 2026 में चीनी के एक्सपोर्ट पर रोक लगाई, लेकिन तब तक 8 लाख टन चीनी देश से बाहर भेजी जा चुकी थी। इससे चीनी का स्टॉक 47 लाख टन से घटकर 39 लाख टन हो गया और घरेलू बाजार में चीनी की कमी हो गई।

**4. त्योहारी सीजन के दौरान जमाखोरी**

गणेश चतुर्थी और दीवाली जैसे त्योहारों के सीजन, यानी अगस्त से नवंबर तक मिठाइयों और कन्फेक्शनरी की खपत बढ़ जाती है। मिठाई और बेवरेज वगैरह बनाने वाली कंपनियां चीनी स्टॉक करने लगती हैं। ज्यादा डिमांड और स्टॉक कम होने के चलते दाम और बढ़ जाते हैं।

# मेरा नाम लेकर कहते, जाट समाज को क्यों टारगेट कियाः जयंत

एजेंसी, लखनऊ।



चवन्नी से रुपया बना देने के अखिलेश यादव के बयान के बाद सपा और रालोद में जुबानी जंग तेज हो गई है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने किसी नेता और दल का नाम लिए बिना एक्स पर लिखा कि सियासत की लड़ाई में कुछ सस्ते शब्द बोलने थे तो मेरा नाम लेकर ही बोल देते। जाट समाज को टारगेट करना और यह कहना कि एबीसीडी हमने सिखाई, यह अहंकार है, जिसे हम देख चुके हैं।

बता दें कि पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक कार्यक्रम में कहा था कि न जाने कहां से चले आए थे गठबंधन करने। हमने चवन्नी का रुपया बना दिया, लेकिन तब भी छोड़कर चले गए। इसके बाद रालोद की ओर से तीखे बयानों और आरोपों की झड़ी लग गई। सपा और रालोद दोनों ने एक दूसरे पर एहसान जताया।

सपा ने कहा कि हमारी पार्टी ने जयन्त को राज्यसभा भेजा। चौधरी साहब के नाम पर एयरपोर्ट और विश्वविद्यालय का नाम रखा। इस पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि मुलायम को मुलायम बनाने वाले चौधरी साहब ही थे, लेकिन गुरुवार को स्वयं जयन्त सामने आए और इशारों में समाजवादी को जाट विरोधी बताकर राजनीतिक रूप से इमोशनल कार्ड खेल दिया।

# छात्रों से मिले ब्रजेश पाठक, कहा मांगों को केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखा जाएगा

एजेंसी, लखनऊ।



लखनऊ में यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों की मांगों को लेकर उन्हें केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत कराने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी छात्रों की मांगों को केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखा जाएगा। डिप्टी सीएम के मुताबिक, दो दिन बाद केंद्रीय मंत्री के साथ इस मुद्दे पर बैठक होगी और आंदोलनकारियों के मुद्दे पर बातचीत की जाएगी।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों से मुलाकात के बाद ब्रजेश पाठक ने कहा कि छात्रों की ओर से मिला पत्र केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया गया है। केंद्र की ओर से प्रदर्शन से जुड़े विषय पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

लखनऊ के हजरतगंज में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंदोलन से जुड़े हर्ष दुबे, मृत्युंजय पाठक और शिवा शर्मा भी मौजूद रहे। आंदोलन से जुड़े हर्ष दुबे ने कहा कि छात्र जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने पहुंचे थे और उन्हें उनकी मांगों पर विचार किए जाने का आश्वासन मिला है

# लम्पी वायरस पर योगी सरकार का प्रहार, आगरा में 41 हजार गोवंश का हुआ टीकाकरण

## 80 गांवों में टीकाकरण पूरा, 1.20 लाख लम्पी वैक्सीन से सुरक्षा चक्र मजबूत

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- बाह और अछनेरा के 2 गांवों को एपीसेंटर मानकर 5 किमी में विशेष अभियान
- राजस्थान से पशुओं की आवक और अवैध परिवहन रोकने को सीमाओं पर सख्ती

**80 गांवों में टीकाकरण पूर्ण, प्रभावित क्षेत्रों में बना 5 किमी का सुरक्षा चक्र**

उत्तर प्रदेश में गोवंश को लम्पी वायरस से सुरक्षित रखने के लिए योगी सरकार द्वारा व्यापक और सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ताजनगरी में पशुधन की सुरक्षा के लिए पशुपालन विभाग पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। जनपद में कुल 2,82,778 गोवंश मौजूद हैं, जिनमें से अब तक 41 हजार से अधिक गोवंश का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया जा चुका है। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पशुपालकों के द्वार तक पहुंचकर टीमें गोवंश को लम्पी बीमारी से बचाव के टीके लगा रही हैं।

पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जिले के 80 गांवों में गोवंश के टीकाकरण कार्य संपन्न कर लिया गया है। अभियान के दौरान बाह तहसील के ग्राम जेवरा और अछनेरा के ग्राम हसेला में लम्पी बीमारी के केस पाए गए थे। विभाग ने इन दोनों गांवों को एपीसेंटर (संक्रमण का केंद्र) मानते हुए इनके आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी गांवों में प्राथमिकता से टीकाकरण कर सुरक्षा चक्र तैयार कर दिया है। जनपद में इस अभियान को गति देने के लिए 1 लाख 20 हजार लम्पी वैक्सीन की खुराक प्राप्त हुई हैं, जिन्हें तेजी से लगाया जा रहा है।



### राजस्थान सीमा से पशुओं के परिवहन पर रोक

लम्पी वायरस के बाहरी प्रसार को रोकने के लिए पड़ोसी राज्य राजस्थान से होने वाले पशुओं के परिवहन पर सख्त पाबंदी लगाई जा रही है। संक्रमण को जनपद की सीमाओं में प्रवेश करने से रोकने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस आयुक्त को पत्र भेजा गया है। पुलिस बल की मदद से अंतरराज्यीय सीमाओं पर चेकिंग बढ़ा दी गई है, ताकि राजस्थान से पशुओं का अवैध अथवा अनियंत्रित परिवहन रोका जा सके और जिले के पशुधन को सुरक्षित रखा जा सके।

### शेष गांवों में टीमें तैनात, पशुधन की सुरक्षा प्राथमिकता

लम्पी वायरस नियंत्रण अभियान और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी देते हुए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिले में लम्पी वायरस से बचाव के लिए सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिन दो गांवों में केस मिले थे, उन्हें एपीसेंटर मानकर 5 किमी के दायरे में त्वरित टीकाकरण कराया गया है। हमें 1.20 लाख वैक्सीन प्राप्त हुई हैं। शेष बचे गांवों में भी विशेष टीमें बनाकर टीकाकरण कार्य लगातार जारी है। राजस्थान से पशुओं का परिवहन रोकने के लिए पत्र भेजा जा चुका है। पशुपालन विभाग पूरी मुस्तैदी से गोवंश की सुरक्षा में लगा है।

# यमुना का टीला ढहा, एक मजदूर की मौत

टीएनएफ टुडे, बाह।



चित्राहाट के प्रेमनगर (खिलावली) गांव में शनिवार सुबह 10 बजे अपने घर के पास पशुओं के बाड़े की सफाई करते समय यमुना का टीला ढहने से मलबे में दबकर खेतिहर मजदूर संतोष (48) की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेसुध हुई मृतक की पत्नी उमा देवी ने बताया कि बेटी की शादी के लिए रिश्ता देख रहे थे। अब उसके हाथ कैसे पीले होंगे?

प्रेमनगर के संतोष खेतों में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। वह शनिवार को अपने घर के पास पशुओं को चारा खिलाने के बाद सफाई कर रहे थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सफाई करते समय तेज आवाज के साथ अचानक यमुना का टीला ढह गया। मलबे में संतोष दब गये। चीख पुकार मचने पर गांव के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। मलबे को हटा कर संतोष को बाहर निकाला। आनन फानन में बेहोशी की हालत में इलाज के लिए जैतपुर सीएचसी ले पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पहुंची चित्राहाट पुलिस ने

**बेटी की शादी के लिए देख रहे थे रिश्ता, पिता के बुढ़ापे का सहारा छिना**

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। संतोष की मौत से परिवार में मातम पसर गया है। वह अपने पिता श्रीराम का इकलौता बेटा था। संतोष की मौत से उनकी बुढ़ापे का सहारा छिन गया है। संतोष ने अपने पीछे पत्नी उमा देवी, बेटियों महादेवी (18), रोशनी (16), बेटे सत्यवान (14), पंकज (12) को छोड़ा है। बड़ी देवी मंजू की शादी कर दी थी। पति का शव देख बेसुध हुई उमा देवी ने बताया कि परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। बेटियों के हाथ पीले कैसे होंगे? बेटों को किसके सहारे पालेगी? ढांढ़स बंधाने वाले भी परिवार की हालत देख कर अपनी आंखों में आंसू नहीं रोक पा रहे।

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ में गूंजे प्रभु श्रीराम के जयकारे

**वीर हनुमान के भक्तों ने लिया बाबा का आशीर्वाद**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



पार्श्वनाथ पंचवटी कॉलोनी में शनिवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भक्तिमय आयोजन हुआ। पंडित मनीष कृष्ण शास्त्री द्वारा विधि विधान के साथ पूजन कराया। हनुमान जी की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड का पाठ श्रवण किया और वीर हनुमान के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम स्थल पर प्रभु श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

संगीतमय सुंदरकांड मंडली के भजन गायक कान्हा ठाकुर ने मधुर स्वर में सुंदरकांड की चौपाइयों के साथ भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं ॥संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा॥ जैसे भक्ति भाव से ओतप्रोत भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

जय श्रीराम व जय बजरंगबली के जयघोष से गूंजता रहा। सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और वीर हनुमान की आराधना करते हुए परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की, आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। पंचवटी परिवार के चौधरी प्रेम कुमार शर्मा एवं संरक्षक श्याम भोजवानी ने कार्यक्रम में पधारे सभी श्रद्धालुओं,और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि भक्तों की सहभागिता और प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी की कृपा से आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस दौरान प्रेम कुमार शर्मा, संरक्षक श्याम भोजवानी, रिंकू शर्मा, अमित सिंह, दीपक शर्मा, विष्णु, सुनीता, चांदनी, दिव्या, स्वाती, राज वर्मा आदि मौजूद रहे।



**सीकरी में पीस कमेटी और उलेमाओं की बैठक**

फतेहपुर सीकरी। आगामी 26 अगस्त को मनाए जाने वाले ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व एवं जुलूस-ए-मोहम्मदी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस द्वारा शांति समिति (पीस कमेटी) और उलेमाओं के साथ बैठकें आयोजित की गई। थाना फतेहपुर सीकरी के प्रांगण में आयोजित बैठक में एसीपी अछनेरा शैलेंद्र सिंह की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों ने पर्व के दौरान आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही जुलूस के दौरान निर्धारित व्यवस्थाओं एवं नियमों का पालन करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में थाना फतेहपुर सीकरी के क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद तोमर, एसएसआई विपिन कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी वरुण पवार, उपनिरीक्षक हिमांशु सहित इस्माइल खान, पूर्व अध्यक्ष बदरुद्दीन कुरैशी, मेहराजुद्दीन कुरैशी, अफसार कुरैशी, हाजी भूरा चौधरी, सभासद शईद अहमद, सभासद शब्बीर, राशिद हसन, पूर्व सभासद वाहिद अहमद और सभासद शकील उस्मानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक में जुलूस के दौरान ध्वनि प्रदूषण से संबंधित निर्धारित मानकों का पालन, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई को लेकर भी चर्चा हुई। साफ-सफाई एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर नगर पालिका स्तर से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया।

**हजरत सैयद मुजफ्फर अली शाह का उर्स 23 व 24 को**



आगरा। सेब का बाजार मेवा कटरा स्थित अस्ताना ए मेकाश खानकाह कादरिया चिश्तिया नियाजिया पर दो दिवसीय उर्स का पोस्टर विमोचन एवं प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए खानकाह के जानशीं सैयद फैज अली शाह कादरी चिश्ती नियाजी ने बताया कि 23 अगस्त रविवार से हजरत मौलाना सैयद मुजफ्फर अली शाह कादरी सृष्टि जाफरी नियाजी अल्लाही के उर्स मुबारक के पहले दिन बास दरवाजा स्थित पंजा शाही मदरसा बाद नमाज असर गुसल चादर पोशी बाद नमाज ईशा महफिल ए कव्वाली का आयोजन देर रात्रि तक चलेगा। यह सभी दरगाह के सज्जादा नाशी हजरत सैयद मोहम्मद अजमल अली शाह कादरी चिश्ती जाफरी नियाजी की सरपरस्ती में होगी। 24 अगस्त दिन सोमवार को सुबह बाद नमाज फजर कुरानखानी कुल शरीफ की रस्म बाद नमाज असर अदा की जाएगी। रंग की महफिल के साथ दो दिवसीय जश्ने उर्स मुबारक का समापन हो जाएगा। 25 अगस्त मंगलवार को बाद नमाज मगरिब महफिल ए ग्यारहवीं शरीफ मनाई जाएगी। जो आस्ताना ए मेकाश खानकाह कादरिया चिश्तिया नियाजिया मेवा कटरा पर फातिहा पढ़ी जाएगी। सैयद फैज अली शाह कादरी चिश्ती नियाजी ने उर्स मुबारक में लोगों के शामिल होने की अपील की है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भैया जाहिद हुसैन जमाल अहमद सनी आमिर नियाजी ताज भाई शादाब अनस आदि शामिल रहे।

# एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षकों ने सीखे नवाचार

## बच्चों की बुनियाद मजबूत करने पर दिया गया जोर



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित पांच दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता विकसित करने के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण में क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।प्रशिक्षकों ने भाषा और गणित को रुचिकर एवं गतिविधि आधारित तरीके से पढ़ाने के उपाय बताए। साथ ही बच्चों में पढ़ने, लिखने, समझने और गणितीय अवधारणाओं को विकसित करने के लिए नवाचारों और प्रभावी शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एफएलएन मिशन के उद्देश्यों और सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के तरीकों से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में ट्रेनर अजय सिकरवार, संतोष कुमार, सौरव शर्मा, धर्मेंद्र भगौर एवं विजय सिकरवार ने प्रशिक्षण दिया। शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए प्रशिक्षण की बारीकियों को समझा। वक्ताओं ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर मजबूत शैक्षिक आधार ही बच्चों के भविष्य की सफलता की कुंजी है।प्रशिक्षण का उद्देश्य निपुण भारत मिशन के तहत विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय कौशल को सुदृढ़ बनाना है।

# जाम में दफन हो रहे स्मार्ट सिटी के दावे

## 'राम भरोसे' ट्रैफिक: चौराहों पर रेंगती नजर आती है जिंदगी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शहर इन दिनों एक नई पहचान से जूझ रहा है। वो है बेकाबू जाम और चरमराई यातायात व्यवस्था। करोड़ों रुपये खर्च कर स्मार्ट सिटी के तहत लगाए गए हाई-टेक कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल महज शोपीस बनकर रह गए हैं। चौराहों से ट्रैफिक पुलिस नजरअंदाज है। वाहन चालक अपनी मर्जी से गाड़ियां दौड़ा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि शहर का यातायात नियंत्रण पूरी तरह 'राम भरोसे' चल रहा है।

आगरा को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाया गया, लेकिन हकीकत यह है कि ज्यादातर चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें या तो बंद हैं या लोग बेखौफ होकर लाल बत्ती पार कर रहे हैं। सड़कों पर अनियंत्रित ई-रिक्शा, डग्गामार वाहन और सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण ने कोढ़ में खाज का काम किया है। जहाँ ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को व्यवस्था संभालनी चाहिए, वहाँ वे या तो नजरअंदाज दिखते हैं या किनारे खड़े होकर तमाशा देखते हैं। 2 किलोमीटर जाने में 45 मिनट लगते हैं।

कोई नियम देखने वाला नहीं है, सब अपनी मनमर्जी से चल रहे हैं:₹करोड़ों का बजट, स्मार्ट सिटी का तमगा और विश्वस्तरीय पर्यटन शहर—लेकिन जमीनी हकीकत इन सबसे कोसों दूर है। जब तक ई-रिक्शा के लिए रूट तय नहीं होंगे, अतिक्रमण पर बुलडोजर नहीं चलेगा और चौराहों पर पुलिस की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक शहर की सड़कों पर ऐसे ही 'राम भरोसे' सफर कटता रहेगा।

# सेवा आगरा ने सेवा कर निभाया धर्म

**श्रावण मास में जरूरतमंद महिलाओं को किया साड़ियों और मिष्ठान का वितरण**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



श्रावण मास के शुभ अवसर पर सामाजिक संस्था सेवा आगरा ने शुक्रवार को समाज सेवा के कार्यों के लिए सुल्तानगंज की पुलिया पर नवज्योति अपार्टमेंट के सेवा भवन पर साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गरीब असहाय जरूरतमंदों महिलाओं को 151 साड़ियों का वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक मुरारीलाल गोयल एवं अध्यक्ष सुमन गोयल ने बताया कि सेवा आगरा सेवा के कार्य लगातार करती है। इसी कड़ी में आज श्रावण मास के अवसर पर सेवा भवन पर गरीबों महिलाओं को साड़ी और मिष्ठान वितरण किया गया। सेवा आगरा समय-समय पर जल सेवा,निशुल्क छात्रवृत्ति वितरण, हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान, स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्य किए जाते है। इस अवसर पर पार्षद पूजा बंसल, जागृति मित्तल, पूर्वका बंसल, हरिओम गोयल, कुमकुम उपाध्याय, गिर्राज बंसल, चेतन कुशवाह, विश्वनाथ भारद्वाज, मीरा कुशवाहा, अनामिका आदि उपस्थित रहे।

**दुरुस्त हांगी जुलूस मार्ग की बिजली लाइनें, बारावफात को लेकर थाने में बनाई सुरक्षा रणनीति**



बाह। कस्बा में बारावफात का जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में प्रबंध और व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार शाम 5 बजे बाह थाने में संभ्रांतजनों के साथ बैठक कर एसीपी बाह जितेन्द्र कुमार ने सुरक्षा की रणनीति बनाई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस मार्ग पर सुरक्षा के साथ ही मवेशी को आने से रोके जाने की मांग उठाई। बिजली की लाइनों को दुरुस्त करने की मांग रखी। जिससे जुलूस के दौरान हादसे से बचा जा सके। जेई बाह सरवरनीर ने लाइनों को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। शांति सौहार्द बनाए रखने की पुलिस ने अपील की। इस दौरान जमीर हुसैन, दयाशंकर बौहरे, गुड्डू दुबे, अख्तर हुसैन, गुफरान अहमद, राहुल बौहरे, गौरव भदौरिया, इमामुद्दीन, रहीस अंसारी, चन्द्रप्रकाश, वासिफ हुसैन, सुनील पचौरी आदि रहे। सर्वदलीय मुस्लिम एक्शन कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी अख्तर हुसैन ने बाह के अलावा पिनाहट, जैतपुर कला, चमरौआ, नंदगवा में भी बारह वफात को लेकर प्रबंध और व्यवस्थाएं किए जाने की मांग की है।

# महिलाओं को गाली देने में चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

## चौकी इंचार्ज कबीश का वीडियो वायरल होने पर डीसीपी ने की कार्रवाई

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना डौकी के गांव नगला जमुनी में जमीन पर कब्जा दिलाने का आरोप लगाते हुए चौकी इंचार्ज कबीस पर महिलाओं को गाली-गलौज करते हुए 3.59 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में डीसीपी ने एसीपी फतेहाबाद को जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं चौकी इंचार्ज कबीस को डीसीपी ने लाइन हाजिर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें थाना डौकी क्षेत्र की चौकी कबीश के इंचार्ज एक सिपाही के साथ नगला जमुनी में पहुंचे। जहां वह वीडियो बना रहे हैं तथा महिलाओं के द्वारा भी वीडियो बनाया जा रहा है। महिलाओं द्वारा आरोप लगाया गया कि वह जमीन पर कब्जा दिलाने आए हैं। इसी बीच चौकी इंचार्ज महिला को गाली देते है। जिसको लेकर महिलाओं के द्वारा लगातार विरोध किया जाता है। वीडियो वायरल होने के बाद डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल के द्वारा एसीपी फतेहाबाद को जांच के आदेश दिए हैं।

थानाध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा से बात करने पर बताया कि राजेंद्री पत्नी तुलसीराम निवासी नगला जमुनी के द्वारा एक जमीन पूरन सिंह पुत्र शंकरलाल से खरीदी गई थी जिस पर पूरन सिंह के द्वारा कब्जा नहीं दिया जा रहा था। जिसमें राजेंद्री के द्वारा एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें विवेचक के द्वारा मौके पर जाकर नजरी नक्शा एसआईडी बनाई जा रही थी। इसी बीच महिलाओं के द्वारा विरोध किया जा रहा था। पुलिस किसी को जमीन पर कब्जा दिलाने नहीं गई थी। वहीं, डीसीपी पूर्वी ने चौकी इंचार्ज कबीस सुनील कुमार को लाइन हाजिर किया गया है।

डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल से बात करने पर बताया कि वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। उपनिरीक्षक मुकदमे की एसआईडी बनाने के लिए गए थे। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद को आदेश दिए गए हैं। चौकी इंचार्ज कबीस सुनील कुमार को लाइन हाजिर किया गया है।

# सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

क्षेत्र के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को रविवार को करीब पांच घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा।

एसडीओ अरविंद कुमार ने बताया कि खेरागढ़ विद्युत उपकेंद्र से जुड़े तहसील, पुलिस स्टेशन लाइन, रूधऊ ग्रामीण और रूधऊ निजी नलकूप फीडरों की लाइनों के पास बढ़ी पेड़ों की शाखाओं की छंटाई कार्य के चलते सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

बताया कि पेड़ छंटाई से बरसात के मौसम में बार बार होने वाली ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्या से निजात मिलेगी।

# बरौली अहीर में तिरंगे का अपमान

**आगरा।** एक तरफ सरकार हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी लापरवाही के चलते राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान हो रहा है। ताजा मामला बरौली अहीर स्थित एनआरएलएम कार्यालय का है। जहां महिलाओं की कड़ी मेहनत से तैयार किए गए सैकड़ों तिरंगे बोरियों में बंद पड़े हैं।

जानकारी के अनुसार 15 अगस्त से करीब एक माह पहले से ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में तिरंगा तैयार कराया जाता है। ताकि हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर वितरण किया जा सके। इस बार भी बीएमएम मोनिका कुशवाह की देखरेख में समूह की महिलाओं ने दिन रात मेहनत कर बड़ी संख्या में तिरंगे तैयार किए। महिलाओं को इसका भुगतान भी किया गया। लेकिन इसके बाद वितरण की जिम्मेदारी निभाने में विभाग पूरी तरह फेल हो गया। बरौली अहीर स्थित एनआरएलएम कार्यालय में जाकर देखा गया तो नजारा अलग था। कार्यालय के एक कोने में तिरंगे बोरों में भरे पड़े हैं। कई तिरंगे बोरों से बाहर निकलकर जमीन पर बिखरे पड़े थे। जो कि राष्ट्रीय ध्वज का सीधा अपमान है।

सूत्रों की मानें तो बीएमएम द्वारा समय पर तिरंगों का वितरण नहीं किया गया। जिसके कारण हजारों तिरंगे कार्यालय में ही पड़े हैं। स्थानीय लोगों ने इस मामले में जिलाधिकारी से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तिरंगा का अपमान ठीक नहीं है। मामले की जानकारी कर उचित कार्यवाही की जाएगी। जिम्मेदार बीएएम से भी जानकारी ली जाएगी।

**ईद मिलादुन्नबी पर व्यवस्थाएं दुरुस्त हों**

आगरा। अबुल उलाई शेख कमेटी के सर परस्त हाजी सूफी बुंदन मियां ने कहा है कि आगामी 26 अगस्त दिन बुधवार को ईद मिलादुन्नबी 12 रबी उल अव्वल का त्यौहार समूचे शहर के मुसलमान में मनाया जाएगा। जिसके लिए निगम प्रशासन द्वारा शहर के मुस्लिम इलाको में सभी व्यवस्थाएं त्योहार से पहले दुरुस्त कर दें। सफाई व्यवस्था स्वच्छ जल एवं टोरेंट पावर प्राइवेट लिमिटेड को जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा यह आदेश पारित किए जाएं की समय रहते सभी व्यवस्थाएं मुस्लिम इलाकों में दुरुस्त कर दी जाएं। नगर निगम द्वारा सड़कों की भी मरम्मत कर दी जाए। नगर निगम प्रशासन सड़कों पर हो रहे गड्ढा मुक्त सड़क बनाए। टोरेंट पावर प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को भी आदेश पारित किए जाएं कि दिन में कोई भी कटौती टोरेंट पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ना की जाए। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध है कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाए। नई बस्ती थाना कोतवाली के आसपास इलाकों में सफाई व्यवस्था लोहा मंडी नाई की मंडी घाटी मामू भांजा मंटोला ताजगंज मेवाती नगला शहीद नगर शाहगंज यमुना पल्ली पार पाया चौकी पन्नी गली जीन खाना पाती राम गली गली आदि इलाकों में विशेष सफाई अभियान नगर निगम द्वारा चलाया जाए। 26 अगस्त दिन बुधवार को 12 रबी उल अव्वल जुलूस ए मोहम्मदी भी निकाले जाएंगे। इसके लिए उचित व्यवस्था पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार करें। टीला पाया चौकी से दोपहर 3 बजे जुलूस ए मोहम्मदी हाजी सूफी बुंदन मियां एवं भारतीय मुस्लिम विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष समी आगाई उत्तर प्रदेश सर्व दलीय मुस्लिम एक्शन कमेटी के जिला अध्यक्ष सैयद इरफान अहमद सलीम के नेतृत्व में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा जो की पाया चौकी तिलक बाजार सेब का बाजार फव्वारा सुभाष बाजार होता हुआ जामा मस्जिद पहुंचेगा। मुस्लिम समाज के लोगों से अपील की गई है कि 12 रबी उल अव्वल वाले जुलूस में कोई भी शोरगुल ना करें एवं पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। बाइकों पर तीन तीन सवारी ना बैठे। जिससे कि पुलिस प्रशासन को कोई दिक्कत ना आए पूर्ण सहयोग पुलिस प्रशासन का करें।

# ज्वैलरी और लाइसेंसी बंदूक चोरी

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद के जवाहरपुर में शुक्रवार रात लाखों रुपए के आभूषण व लाइसेंसी बंदूक चोरी हो गई। शनिवार सुबह बंदूक घर के सामने बाजरा के खेत में मिली। घटना को पुलिस? संदिग्ध मान रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात 9:30 बजे रामरतन निवासी जवाहरपुर थाना फतेहाबाद ने सूचना दी कि मेरे घर में सोने चांदी के आभूषण तथा 25 हजार रुपए नगद व लाइसेंसी 12 बोर बंदूक चोरी हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो जिस कमरे में बन्दूक, गहने तथा नगदी रखी थी उसका ताला लगा हुआ था। उसकी चाबी रामरतन की पत्नी के पास थी लेकिन बिना ताला टूटे कमरे के संदूक से सामान आदि बिखरा हुआ पड़ा था वहीं दूसरे कमरे में जिसमें पुत्रवधू सो रही थी उसमें रखी बंदूक भी गायब थी तथा परिजनों को इसकी आहट तक नहीं हुई जहां पुलिस के द्वारा पूरी घटना को संदिग्ध माना जा रहा है।पीड़ित रामरतन ने बताया के शनिवार सुबह 8:00 बजे रामरतन की लाइसेंसी बंदूक घर के पास खेत पड़ी मिली है। वहीं जेवर व नगदी नहीं मिली है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है तथा इस प्रकरण की जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि चोरी की सूचना दी गई थी। जांच में पाया गया कि घटना संदिग्ध है। बंदूक और गहने घर के सामने बाजरा के खेत में मिल गए हैं। जिस घर में घटना हुई है उसमें सोने वाले लोगों को घटना की जानकारी नहीं हुई है। चाबी महिला के पास थी।

# वृद्धाश्रम सिकंदरा का संयुक्त शैक्षणिक भ्रमण

टीएनएफ टुडे, आगरा।




विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में बीडी जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज एवं बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए वृद्धाश्रम, सिकंदरा का एक दिवसीय शैक्षणिक एवं व्यावहारिक अध्ययन भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ जमीनी सामाजिक वास्तविकताओं, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक-मनोवैज्ञानिक स्थिति और उनकी समकालीन चुनौतियों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। इसके साथ ही, यह क्षेत्रीय अनुभव छात्राओं के आगामी समाजशास्त्रीय शोध परियोजना एवं व्यावहारिक अध्ययन की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी और दिशा-निर्देशक सिद्ध हुआ। छात्राओं ने आश्रम में निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनके जीवन-अनुभवों को समझा। यह अनुभव सभी छात्राओं में संवेदनशीलता और समाजशास्त्रीय अंतर्दृष्टि विकसित करने वाला रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दोनों महाविद्यालयों के समाजशास्त्र विभाग की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

**बाह में टकराए 4 वाहन...स्टेट हाइवे जाम**

बाह। सड़क किनारे खड़ी कार को बचाने के चक्कर में शनिवार अपरान्ह 3 बजे जरार में एक दूसरे से टकराए चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। सड़क पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची बाह पुलिस ने सड़क पर भिड़े वाहनों को अलग कर आधा घंटे में यातायात शुरू कराया। आगरा इटावा स्टेट हाइवे पर शनिवार अपरान्ह 3 बजे बाह के जरार में सड़क किनारे खड़ी कार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुए ट्रेलर और डंपर आपस में टकरा गये। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के दौरान लोडर और कार भी चपेट में आ गये। टक्कर से चारों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये। ट्रेलर की केबिन में चालक डौकी के मुंशीलाल की गढ़ी गांव का पदम सिंह फंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज आवाज के साथ एक के बाद एक चारों वाहन टकराए थे। चीख पुकार मचने पर स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों की भीड़ बचाव और राहत कार्य में जुट गई। केबिन काट कर फंसे पदम सिंह को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भिजवाया। सड़क पर टकराए 4 वाहनों के फंसने से स्टेट हाइवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची बाह पुलिस वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाने में जुट गई। करीब आधा घंटा बाद यातायात सुचारू हो सका। जाम के दौरान आगरा और इटावा के छोर पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

# इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर होगा विकसित

## डीएम ने किया निरीक्षण, शहर के औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जिलाधिकारी मनीष बंसल ने इनर रिंग रोड स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा निमार्णाधीन इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि पर्यावरण के अनुकूल आधुनिक औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और जनपद के आर्थिक विकास को गति देने व इंडस्ट्रियल हब के लिए इनर रिंग रोड पर इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने उक्त प्रोजेक्ट का का मौका मुआयना कर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण में पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 1084 एकड़ में बन रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के विकास कार्यों और बुनियादी ढांचा निर्माण कार्य यथा सर्विस लेन का फोरलेन चौड़ीकरण और एप्रोच मार्गों के निर्माण, सौंदर्यीकरण के लिए शासन द्वारा लगभग 96 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। उक्त धनराशि से प्रस्तावित कार्यों को कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने प्रस्तावित इंडस्ट्रियल एरिया का ले-आउट प्लान देखा। बताया गया कि इस मेगा प्रोजेक्ट में इंडस्ट्रियल क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के साथ पार्क, ग्रीन बेल्ट, पार्किंग, वेयर हाउस, लॉजिस्टिक सुविधाएं, मशीनरी इक्विपमेंट, रोड निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाएं, ड्रेनेज,अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यों को ससमय, उच्च गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किए जाने के संबंधित को निर्देश दिए। निरीक्षण में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी जीके वार्ष्णेय, उपायुक्त उद्योग शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा यूपीसीडा के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा यात्रा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति के निदेर्शानुसार तथा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा में एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर खंदारी परिसर स्थित विभिन्न संस्थानों का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान कैडेट्स ने देशभक्ति के नारों के साथ भारत माता की जय का उद्घोष किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से सराबोर हो गया। यात्रा विभिन्न संस्थानों से होते हुए एनसीसी कार्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह, सांस्कृतिक प्रशिक्षक पुरुषोत्तम मयूरा तथा एनसीसी सीटीओ डॉ. राधिका गोयल उपस्थित रहे।

# संजय प्लेस: फ्लैक्स के गोदाम में भड़की आग

- फ्रेंड्स टावर के बेसमेंट में हादसा, लाखों का सामान जलकर राख
- तीन दमकलों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र संजय प्लेस में शनिवार सुबह एक बार फिर आग लगने से हड़कंप मच गया। फ्रेंड्स टावर के बेसमेंट में स्थित फ्लेक्स के गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें और धुआं उठता देखकर आसपास के दुकानदारों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना सुबह करीब पौने सात बजे की बताई गई है। सूचना मिलते ही संजय प्लेस फायर स्टेशन से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का अभियान ?शुरू किया। गोदाम में रखा सामान आग तेजी से पकड़ रहा था, जिससे आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण हो गया। बताया गया है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में फ्लेक्स और उससे संबंधित सामग्री रखी हुई थी। फ्लेक्स में प्लास्टिक दाने का इस्तेमाल होने के कारण आग ने बेहद तेजी से विकराल रूप लिया।

आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के गोदामों और दुकानों में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। दमकल कर्मियों ने रणनीति बनाकर आग को आसपास के प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोकने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। समय रहते आग को आसपास की दुकानों और अन्य गोदामों तक पहुंचने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि आग के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। आग लगने के समय गोदाम में कोई मौजूद था या नहीं, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद बिजली सप्लाई काटने में देरी को लेकर भी सवाल उठे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती तो आग के फैलाव को और तेजी से नियंत्रित किया जा सकता था। हालांकि इस संबंध में संबंधित विभाग की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। संजय प्लेस शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में दुकानें, कार्यालय, गोदाम और व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित होते हैं। पिछले कुछ महीनों में यहां आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में शनिवार सुबह हुई आग की घटना ने एक बार फिर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

व्यापारियों का कहना है कि संजय प्लेस जैसे घने व्यावसायिक इलाके में आग से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम और नियमित सुरक्षा जांच बेहद जरूरी है। खासकर बेसमेंट में संचालित गोदामों और ज्वलनशील सामग्री रखने वाले प्रतिष्ठानों की फायर सेफ्टी व्यवस्था की जांच किए जाने की मांग उठ रही है। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। दमकल विभाग और संबंधित अधिकारी घटना के कारणों तथा सुरक्षा मानकों की भी जांच कर सकते हैं।

## यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन का आंदोलन टला

**टीएनएफ टुडे, आगरा।** रोडवेज कर्मचारियों की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर यूपी रोडवेज इम्प्लॉइज यूनियन द्वारा दिए गए 11 सूत्रीय आंदोलनात्मक नोटिस के क्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक, आगरा बीपी अग्रवाल, सेवा प्रबंधक तुलाराम, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त एवं सभी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ यूनियन के शिष्टमंडल की वार्ता हुई। 5 घंटे चली इस वार्ता के दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विस्तार से चर्चा की गई। प्रबंधन द्वारा कर्मचारी हित से जुड़े मांगों के समाधान के संबंध में सकारात्मक आश्वासन एवं सहमति प्रदान की गई। यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष/श्रमिक नेता पं. सत्य नारायण शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय मंत्री रवेंद्र कुमार द्वारा बताया कि निगम हित, जनहित एवं कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन के साथ हुए समझौते एवं सकारात्मक वार्ता के उपरान्त प्रस्तावित एक दिवसीय आंदोलन को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यूनियन कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा प्रबंधन से अपेक्षा है कि 5 घंटे चली इस लम्बी वार्ता में बनी सहमति के अनुसार सभी बिंदुओं का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यूनियन इस आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा करते हुए यूनियन के सभी पदाधिकारियों, बहादुर कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों के समर्थक संगठनों के सहयोग के लिए विशेष आभार जताया।

## बिजली चोरी में तीन पर एफआईआर

**खेरागढ़।** बिजली विभाग की जांच में बकाया पर कटे विद्युत कनेक्शनों के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए तीन लोग पकड़े गए। अवर अभियंता विकास विश्वकर्मा द्वारा सितौली, बुरहरा और खेरागढ़ टाउन में की गई चेकिंग के दौरान होतम सिंह, खमान सिंह और सरवर खान मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते मिले। तीनों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम–2003 की धारा 135 के तहत विद्युत चोरी निरोधक थाना कमलानगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विभाग ने आरोपियों पर जुमार्ना लगाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

# सीसार्क को विश्वस्तरीय आलू अनुसंधान केंद्र बनाने पर जोर

## फार्म के लिए 10 हेक्टेयर भूमि के उपयोग संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

टीएनएफ टुडे, आगरा।



अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र सीसार्क की दूसरी समन्वय समिति की बैठक आगरा में आयोजित हुई। इसमें भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र तथा दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों के कृषि एवं अनुसंधान संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों एवं वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक की संयुक्त अध्यक्षता सीआईपी (पेरू) के महानिदेशक डॉ. सीमोन हेक तथा भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव अतिश चंद्र ने की। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं उद्यानिकी आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार, उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव (उद्यान) बाबूलाल मीणा, सीआईपी के उप महानिदेशक (विज्ञान एवं नवाचार) डॉ. ह्यूगो कैम्पोस, नेपाल कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय आलू अनुसंधान कार्यक्रम से डॉ. युवराज भुसाल, राष्ट्रीय उद्यानिकी बोर्ड के प्रबंध निदेशक कपिल मीणा तथा सीसार्क के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे। भूटान के कृषि विभाग के निदेशक यॉन्तेन ग्यांत्शो तथा बांग्लादेश के कृषि मंत्रालय के अपर मुख्य सचिव मुस्तफा कमाल वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में सीसार्क की अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि सीसार्क को केवल आगरा अथवा भारत की आवश्यकताओं तक सीमित अनुसंधान केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि आलू एवं शकरकंद के क्षेत्र में दक्षिण एशिया का प्रमुख अनुसंधान, नवाचार एवं ज्ञान-साझाकरण मंच बनाया जाना चाहिए। इसका उद्देश्य भारत के साथ-साथ नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक एवं समाधान विकसित करना तथा वैज्ञानिक सहयोग एवं सार्वजनिक-निजी भागीदारी का केंद्र बनना है।

आगरा में स्थित सीसार्क भारत की वैज्ञानिक एवं कृषि क्षमताओं को दक्षिण एशियाई देशों की आवश्यकताओं एवं अनुभवों से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य कर सकता है। इसके माध्यम से भारत में विकसित तकनीकों एवं अनुभवों को पड़ोसी देशों तक पहुंचाने के साथ-साथ विभिन्न देशों के स्थानीय नवाचारों एवं सफल समाधानों से सीख लेकर उनका व्यापक स्तर पर उपयोग किया जा सकेगा। दक्षिण-दक्षिण सहयोग को सीसार्क की भावी भूमिका का महत्वपूर्ण आधार माना गया। नेपाल, बांग्लादेश, भूटान सहित दक्षिण एशिया के अन्य देशों के कृषि अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग मजबूत करने पर भी बल दिया गया, ताकि ज्ञान, जर्मप्लाज्म, तकनीक, वैज्ञानिक विशेषज्ञता एवं मानव संसाधन के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिले।

# जूही बब्बर सोनी ने कुष्ठ रोगियों से की मुलाकात



टीएनएफ टुडे, आगरा।

अभिनेत्री एवं समाजसेवी जूही बब्बर सोनी ने शनिवार को पुरानी महापालिका बिल्डिंग स्थित कुष्ठ सेवा सदन पहुंचकर कुष्ठ रोगियों से मुलाकात की और उनके साथ आत्मीय समय बिताया। उन्होंने अपने हाथों से कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया तथा उनके साथ अपनत्व और संवेदना का भाव साझा किया।

इस अवसर पर जूही बब्बर सोनी ने कहा, ह्लये परिवार बिल्कुल मेरे परिवार की तरह है। ये परिवार मुझे विरासत में मिला हैह्व उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में भय और भेदभाव नहीं, बल्कि जागरूकता, स्वच्छता और मानवीय संवेदना की आवश्यकता है। उन्होंने अपने संबोधन में स्पर्श और संवेदना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बीमारी से नहीं, बल्कि व्यक्ति से जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने कुष्ठ रोगियों के बीच जागरूकता, स्वच्छता और समाज के साथ उनके परस्पर जुड़ाव की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज और परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं।

कार्यक्रम के दौरान जूही बब्बर सोनी ने कुष्ठ सेवा सदन परिसर में फलदार पौधों का पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा, ह्लहम हों या न हों, लेकिन ये पौधे हमेशा रहेंगे।ह्व उन्होंने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संवेदना और जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी अनूप सोनी या उनके पुत्र आगरा आएंगे, वे कुष्ठ सेवा सदन अवश्य आएंगे। इस अवसर पर डॉ. मधु भारद्वाज ने जूही बब्बर सोनी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संजय चोपड़ा, संकल्प भारद्वाज, जीएस मनराल, सूरज तिवारी, राहत, लायन्स क्लब एमजेएफ कोहिनूर की ऊषा अग्रवाल एवं अन्य सदस्य, कुष्ठ सेवा सदन के मरीज उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइयों का सम्मान आज

- कैशलेस चिकित्सा योजना में रसोइयों को मिलेगा 5 रू. लाख तक का इलाज

टीएनएफ टुडे, आगरा।

प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों के सम्मान में 23 अगस्त को 11 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में रसोइया सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन प्रदेश स्तर के साथ-साथ जनपद एवं तहसील स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

रसोइयों एवं उपस्थित जनसमुदाय को कार्यक्रम से जोड़ने हेतु जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण होली पब्लिक स्कूल सिकंदरा में किया जाएगा।

शासन के निदेर्शों के क्रम में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश के सभी जनपदों के मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में आमजन के साथ-साथ शिक्षकों एवं रसोइयों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रसोइयों को प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड का वितरण कराया जाए।

जनपद एवं तहसील स्तर पर उपलब्ध सभागारों का यथासंभव उपयोग करते हुए रसोइया सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# उप महाप्रबंधक ने किया रेलवे अस्पताल का निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तर मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सामान्य) अतुल कुमार मिश्रा ने शनिवार को आगरा मंडल रेलवे अस्पताल एवं आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। आगरा मंडल रेलवे अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सिक-फिट रूम, रिकॉर्ड रूम, चिकित्सकों के कक्ष, फिजियोथेरेपी यूनिट, मेडिकल स्टोर, एफएसओ कार्यालय, लैब एवं टेस्टिंग सुविधा, आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधा, नवनिर्मित भवन, ऑपरेशन थिएटर , पंजीकरण प्रक्रिया, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, स्वल्पाहार गृह सहित विभिन्न चिकित्सा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा निमार्णाधीन कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूरा करने पर विशेष जोर दिया। इसके पश्चात उप महाप्रबंधक (सामान्य) ने आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, वेटिंग हॉल तथा स्टेशन की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वॉल पेंटिंग के कार्य को बेहतर एवं आकर्षक बनाने पर जोर दिया ' रूफ-टॉप शॉप्स का निरीक्षण किया तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अच्छे ब्रांड्स के आउटलेट एवं अन्य स्टॉल/दुकानों को बढ़ावा देने पर जोर दिया '

स्टेशन के फर्स्ट एंट्री एरिया का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया' निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर प्रसाद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) आरके बघेला, मंडल इंजीनियर तृतीय अनादि मित्तल, मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर शुभम अग्रहरि, स्टेशन निदेशक संतोष त्रिपाठी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक संजय कुमार गौतम, सहायक मंडल इंजीनियर बी.एल. मीना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर होंगी विवि में प्रतियोगिताएं

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस परिसर, छलेसर, आगरा में किया जाएगा। शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के निदेशक डा. अखिलेश चन्द्र सक्सैना ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आवासीय परिसरों के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। कार्यक्रम 29 अगस्त को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, खो-खो, टग ऑफ वार, हॉकी तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित की जाएंगी।

आयोजन खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं फिट इंडिया अभियान के तत्वावधान में खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम तथा एक घंटा खेल के मैदान में अभियान के तहत किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के शिक्षकों, कर्मचारियों और अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# उम्मीदों की कंक्रीट और सिस्टम का मर्ज

पिनाहट और अटेर पुल का दर्दचम्बल नदी के बीहड़ों और पानी की लहरों ने दशकों तक डकैतों और बंदूकधारियों की गूंज सुनी है, लेकिन आज इस अंचल की जनता सिस्टम की बेरुखी और प्रशासनिक उदासीनता का दंश झेल रही है। उत्तर प्रदेश के आगरा जनपद के बाह क्षेत्र और मध्य प्रदेश के मुरैना-भिंड जिलों को जोड़ने के लिए चम्बल नदी पर बनने वाले दो महत्वाकांक्षी पुल–पिनाहट का उसेत घाट पुल और अटेर-जैतपुर का चम्बल सेतु–इस समय सरकारी लेटलतीफी, विभागीय सुस्ती और अधूरी तैयारियों का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर खड़े हैं। करोड़ों रुपयों की लागत और वर्षों के लंबे इंतजार के बाद जब ये पुल अपने अंतिम पड़ाव पर दिखे, तो प्रशासनिक दांव-पेंचों और अधूरे निर्माण कार्यों ने जनता को फिर से नदी की उफनती लहरों के बीच बेसहारा छोड़ दिया है।पिनाहट और मुरैना के बीच उसेत घाट पर बन रहा लगभग 825 मीटर लंबा पक्का पुल अपने सिविल निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। पुल का मुख्य ढांचा और सभी पिलर खड़े हैं तथा मध्य प्रदेश की सीमा की ओर से उसेत घाट पर संपर्क मार्ग का काम भी पूरा कर लिया गया है। लेकिन चौंकाने वाली और सिस्टम को कटघरे में खड़ा करने वाली हकीकत यह है कि उत्तर प्रदेश की सीमा में अभी तक एप्रोच मार्ग का काम सही ढंग से शुरू ही नहीं हो पाया है। नतीजा यह है कि पुल बनकर खड़ा है, लेकिन उस पर वाहन नहीं चल सकते। वर्तमान में स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि चम्बल नदी में स्टीमर सेवाएं बंद हैं, और लोग जान जोखिम में डालकर मोटर बोट से सफर करने को मजबूर हैं। हाल ही में स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को पुल पर अस्थायी लोहे की सीढ़ियां और मिट्टी का प्लेटफॉर्म बनाना पड़ रहा है ताकि लोग पैदल पुल पर चढ़कर नदी पार कर सकें। क्या किसी आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में विकास की इससे अधिक हास्यास्पद और त्रासद तस्वीर हो सकती है, जहां करोड़ों का पुल तैयार हो लेकिन लोग उस पर सीढ़ियों के सहारे चढ़ने को मजबूर हों?यही दर्द भिंड और उत्तर प्रदेश के जैतपुर को जोड़ने वाले अटेर चम्बल पुल का भी है। इस पुल का निर्माण दिल्ली मेट्रो की तर्ज पर अत्याधुनिक सेगमेंटल लॉन्चिंग तकनीक से शुरू हुआ था, जिससे उम्मीद जगी थी कि यह जल्द पूरा होगा। पुल का मुख्य ढांचा लंबे समय से बनकर तैयार खड़ा है, लेकिन इसके बावजूद जनता के लिए इसके कपाट बंद हैं। सेतु निर्माण विभाग और वन्यजीव बोर्ड की मंजूरियों, मुआवजे के विवादों और बचे हुए विस्तार कार्यों के नाम पर इस परियोजना को लगातार घसीटा जा रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि अधूरे निर्माण के बीच यातायात शुरू करना सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि एक दशक बीत जाने के बाद भी इन एप्रोच रोड और विभागीय एनओसी की फाइलों को पहले क्यों नहीं निपटाया गया? क्या जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये सिर्फ इसलिए नदी के ऊपर खड़े किए गए हैं कि वे धूल फांकते रहें?इन दोनों पुलों के पूरी तरह चालू न होने का खामियाजा दोनों राज्यों की सीमा पर रहने वाली ग्रामीण जनता भुगत रही है। बाह, पिनाहट, जैतपुर और मध्य प्रदेश के भिंड-मुरैना के गांवों का सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना एक-दूसरे से जुड़ा है। मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों के बच्चे उत्तर प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ते हैं, और पिनाहट का पूरा बाजार मध्य प्रदेश के खरीदारों पर निर्भर है। बरसात के दिनों में जब पीपा पुल हटा दिया जाता है और स्टीमर बंद हो जाते हैं, तो व्यापार पूरी तरह ठप हो जाता है। बीमार मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और 12 किलोमीटर के सफर के लिए लोगों को 60 से 80 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। यह सिर्फ एक सड़क या पुल का रुकना नहीं है, बल्कि यह इस पूरे अंचल की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका को बंधक बनाने जैसा है।चुनाव आते ही चम्बल के ये पुल नेताओं के भाषणों और घोषणापत्रों की शान बन जाते हैं। वोट बटोरने के बाद जनप्रतिनिधि और अफसर इन फाइलों को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के दावों और निर्माण कंपनियों के बहानों के बीच पिस केवल आम जनता रही है। अब समय आ गया है कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दोनों सरकारों को एक साझा टास्क फोर्स बनाकर इन दोनों पुलों के एप्रोच मार्ग और अटकी हुई कागजी मंजूरियों को युद्ध स्तर पर पूरा करना चाहिए। पिनाहट के उसेत घाट पर यूपी की तरफ एप्रोच रोड बनाने की सुस्ती और अटेर पुल की विभागीय अड़चनों को दूर करने के लिए कड़े प्रशासनिक फैसले लेने होंगे। चम्बल की जनता अब और तारीखें नहीं झेल सकती; उसे खोखले दावों का पुल नहीं, बल्कि अपनी जमीनी हकीकत बदलने वाला पक्का और चालू रास्ता चाहिए।

# ‘उच्च शिक्षा में समान अवसर और आरक्षण’

“सच्चा सामाजिक न्याय वही है जिसमें वंचित को अवसर मिले, प्रतिभा को सम्मान मिले और किसी भी विद्यार्थी को केवल उसकी सामाजिक श्रेणी के कारण अपने भविष्य के प्रति निराश न होना पड़े। यही संविधान, लोकतंत्र और समानता की वास्तविक भावना है।




प्रोफेसर स्वामी ध्यान प्रेम

भारत का संविधान सामाजिक न्याय और समान अवसर–दोनों को महत्व देता है। आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य उन वर्गों को आगे बढ़ाना है जो लंबे समय तक सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े रहे हैं। इसलिए आरक्षण को केवल किसी वर्ग को मिलने वाली सुविधा के रूप में देखना उचित नहीं है। लेकिन इसके साथ यह भी उतना ही आवश्यक है कि सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा और शोध के अवसरों से वंचित होने का अनुभव न हो। यही वर्तमान समय की एक महत्वपूर्ण चिंता है।

हाल में कुछ विश्वविद्यालयों की शोध प्रवेश परीक्षाओं को लेकर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों में असंतोष सामने आया है। उदाहरण के लिए, यदि परास्नातक स्तर पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 55 प्रतिशत अंक और आरक्षित वर्ग के लिए 50 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं, फिर प्रवेश परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 50 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिए 45 प्रतिशत अंक को न्यूनतम योग्यता माना जाता है और इसके बाद उपलब्ध सीटों पर फिर से आरक्षण लागू होता है, तो सामान्य वर्ग के विद्यार्थी के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि उसके लिए अवसर कहाँ और कितना बचता है।

यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि आरक्षित वर्ग को निर्धारित शैक्षणिक छूट देना अपने-आप में असंवैधानिक नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 14 में समानता का अधिकार दिया गया है, जबकि अनुच्छेद 15(4) और 15(5) राज्य को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति देते हैं। इसलिए सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण संविधान की स्वीकृत व्यवस्था है।

UGC के Ph.D. Regulations, 2022 में भी सामान्यतः परास्नातक में 55 प्रतिशत अंक की पात्रता रखी गई है तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, OBC-NCL, दिव्यांग और अन्य निर्धारित श्रेणियों को नियमों के अनुसार 5 प्रतिशत तक की छूट दी गई है। प्रवेश परीक्षा में भी निर्धारित qualifying marks और आरक्षित वर्गों के लिए लागू छूट का प्रावधान है। इसलिए किसी विश्वविद्यालय द्वारा नियमों के अनुसार ऐसी छूट देना अपने-आप में गलत नहीं कहा जा सकता।

लेकिन असली प्रश्न अवसरों के समग्र संतुलन का है। यदि किसी विद्यार्थी को पहले पात्रता के स्तर पर अधिक अंक प्राप्त करने पड़ें, फिर प्रवेश परीक्षा में भी अधिक न्यूनतम अंक चाहिए और अंत में कुल सीटों पर आरक्षण लागू हो, तो सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को यह लग सकता है कि उन पर लगातार कई स्तरों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव है। इसे ही कुछ लोग ‘डबल’ या ‘ट्रिपल बाधा’ के रूप में देखते हैं।

इस विषय को आरक्षित वर्ग बनाम सामान्य वर्ग के विवाद में बदलना उचित नहीं होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों का सम्मान होना चाहिए। लेकिन सामाजिक न्याय का अर्थ यह भी नहीं होना चाहिए कि सामान्य वर्ग के योग्य विद्यार्थियों के अवसर लगातार कम होते जाएँ। संविधान का समानता का सिद्धांत सभी नागरिकों के सम्मान और अवसर की रक्षा करता है।

शोध शिक्षा का महत्व सामान्य प्रवेश से कहीं अधिक है। आज का शोधार्थी भविष्य का शिक्षक, वैज्ञानिक और ज्ञान-सृजनकर्ता बनता है। इसलिए Ph.D. प्रवेश प्रक्रिया में सामाजिक प्रतिनिधित्व के साथ-साथ शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध क्षमता और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

कानपुर, मेरठ, आगरा या देश के किसी भी विश्वविद्यालय के संबंध में अंतिम निष्कर्ष निकालने से पहले उसकी प्रवेश अधिसूचना, UGC के नियम, राज्य सरकार की आरक्षण नीति, सीटों की संख्या और वास्तविक चयन परिणामों का अध्ययन किया जाना चाहिए। केवल qualifying marks में अंतर देखकर किसी व्यवस्था को असंवैधानिक कहना उचित नहीं होगा। यदि नियम UGC और संविधान के अनुरूप हैं तो उनका पालन आवश्यक है; यदि उनकी व्यावहारिक प्रक्रिया में असमानता पैदा हो रही है तो उसकी समीक्षा भी उतनी ही आवश्यक है।

विश्वविद्यालयों और UGC को प्रवेश प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अपनानी चाहिए। पात्रता, प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार, मेरिट और अंतिम चयन के चरणों में category-wise आंकड़े सार्वजनिक किए जाने चाहिए। इससे यह स्पष्ट होगा कि किस वर्ग को वास्तविक रूप से कितना लाभ या नुकसान हो रहा है। पारदर्शी आंकड़ों के आधार पर ही उचित सुधार संभव है।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ‘सामान्य वर्ग’ का अर्थ किसी विशेष जाति या समुदाय से नहीं है। यह मूलतः खुली प्रतिस्पर्धा की श्रेणी है। आरक्षण का लाभ न मिलना और भेदभाव होना दो अलग बातें हैं। किसी आरक्षित वर्ग को संवैधानिक रूप से दी गई छूट को सामान्य वर्ग के विरुद्ध भेदभाव नहीं कहा जा सकता। लेकिन यदि पूरी प्रवेश व्यवस्था सामान्य वर्ग के योग्य विद्यार्थियों के लिए अवसरों को असंगत रूप से सीमित कर देती है, तो उस व्यवस्था पर प्रश्न उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है।

भारत जैसे विविध समाज में सामाजिक न्याय आवश्यक है, लेकिन सामाजिक न्याय के साथ सामाजिक संतुलन भी आवश्यक है। वंचित वर्गों को आगे बढ़ाना संविधान की जिम्मेदारी है और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समान अवसर देना भी उसी संविधान की भावना है। इसलिए समाधान आरक्षण समाप्त करना नहीं, बल्कि आरक्षण और समान अवसर के बीच उचित संतुलन बनाना है। आरक्षित वर्गों को उनका संवैधानिक अधिकार मिले और सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को भी निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का पर्याप्त अवसर मिले। विश्वविद्यालयों की प्रवेश व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें किसी भी वर्ग को यह महसूस न हो कि उसके भविष्य के साथ अन्याय हो रहा है।

सच्चा सामाजिक न्याय वही है जिसमें वंचित को अवसर मिले, प्रतिभा को सम्मान मिले और किसी भी विद्यार्थी को केवल उसकी सामाजिक श्रेणी के कारण अपने भविष्य के प्रति निराश न होना पड़े। यही संविधान, लोकतंत्र और समानता की वास्तविक भावना है।

# जिनपिंग की भारत यात्रा- बॉर्डर पर तैनाती और निगरानी बढ़ाने का समय आ गया

संतोष कुमार पाठक

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत आने की तैयारी कर रहे हैं। भारत यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे। जिनपिंग इससे पहले वर्ष 2019 में शिखर वार्ता के लिए भारत आएं थे। चीनी राष्ट्रपति के भारत यात्रा के दौरान जाहिर तौर पर दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर भी बातचीत होगी। हाल के दिनों में भारत चीन सीमा पर खासकर अरुणाचल प्रदेश को लेकर जो खबरें आ रही है, उसने पूरे देश को चिंतित कर दिया है।

बदले माहौल में अब भारत की कोई भी सरकार सिर्फ शांति और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के नाम पर पड़ोसी देश की इस तरह की नापाक हरकतों को ठंडे बस्ते में नहीं डाल सकती है। ऐसे में नई दिल्ली में स्वागत की तैयारियों से भी ज्यादा जरूरी हो जाता है भारत-चीन सीमा पर सैनिकों को पूरे साजो-सामान के साथ 24 घंटे रेडी मोड में रखना। चीन का इतिहास भी यही बताता है कि भारत को अब और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

वैसे तो शीर्ष स्तर पर यात्राओं के दौरान चीन की इस तरह की हरकतों का लंबा इतिहास रहा है। लेकिन आपके सामने कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं को उदाहरण के तौर पर रख देते हैं।



वर्ष 2003 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा के दौरान ही चीनी सेना की एक टुकड़ी ने अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी जिले के असफीला इलाके में छअउ पार करके भारतीय सीमा में न केवल घुसपैठ किया था बल्कि भारतीय सैनिकों की एक छोटी सी टुकड़ी से उनके हथियार तक छीन लिए थे। चीनी सेना ने इससे भी बड़ी नापाक हरकत वर्ष 2013 में अपने ही प्रधानमंत्री ली केकियांग के भारत दौरे से पहले की थी। मनमोहन सिंह सरकार के दौरान वर्ष 2013 में चीनी प्रधानमंत्री की भारत यात्रा से पहले ढछअ यानी चीनी सेना पूर्वी लद्दाख ( भारतीय क्षेत्र ) में 19 किलोमीटर तक न केवल अंदर घुस आई थी बल्कि वहां तंबू लगाकर कब्जा भी कर लिया था। दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ गई थी और लगभग 20 दिनों तक यह गतिरोध बना रहा था।

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ष 2014 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत यात्रा पर आएं। जिनपिंग के भारत पहुंचने से महज कुछ घंटे पहले ही चीन की सेना ने लद्दाख में घुसपैठ कर, अवैध तरीके से सड़क बनाना शुरू कर दिया। यहां भी दोनों देशों की सेनाएं लगभग दो सप्ताह तक आमने-सामने खड़ी रहीं। इस तरह के अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं जब भारत और चीन के शीर्ष नेता बातचीत कर रहे थे या बातचीत करने की तैयारी कर रहे थे, ठीक उसी समय चीन की सेना नापाक हरकतें कर रही थी।

ऐसे में बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि क्या चीन सितंबर के महीने में बॉर्डर पर फिर से कोई बड़ी खुराफात करने की योजना तो नहीं बना रहा है ? यह सवाल इसलिए खड़ा हो रहा है क्योंकि भारत में 12-13 सितंबर को 18वां ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसमें शामिल होने के लिए भारत आएंगे। चीन के राष्ट्रपति के भी इस सम्मेलन में आने की तैयारियां चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत के विदेश मंत्रालय के सूत्र यह बता रहे हैं कि जिनपिंग के दौरे की अभी आधिकारिक तौर पर औपचारिक सूचना भले ही न मिली हो लेकिन एडवांस टीमों के दौरे और बाकी तैयारियों से यह लग रहा है कि वह भारत आ सकते हैं।

अगर ऐसा है तो भारत और चीन की सीमा पर चौकसी को और ज्यादा बढ़ाने का समय आ गया है। बॉर्डर से लगती भारत की हर चौकी पर सेना को पूरी ताकत और साजो-सामान के साथ तैनात करना पड़ेगा। वहां पर संचार के साधन और बिजली की उपलब्धता को हर हाल में सुनिश्चित करने वाली व्यवस्था करनी होगी। रिजर्व फौज को भी तैयार रखना होगा ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। दोनों देशों के बीच सीमा पर हथियार नहीं चलाने का समझौता हो रखा है तो ऐसे में जाहिर तौर पर लड़ने के लिए अलग तरह की तैयारियां तो करनी ही पड़ेगी।

इस तरह के हालात में सैन्य साजो-सामान, हथियार, बेहतर संचार के साधन, 24 घंटे बिजली की उपलब्धता, बेहतर सड़क और खाने-पीने के सामानों की भरपूर उपलब्धता के साथ ही बड़ी-बड़ी नुकीले कील लगे डंडे की भी जरूरत पड़ती है। सबसे जरूरी बात यह है कि नई दिल्ली की तरफ से इनके पास स्पष्ट ऑर्डर होना चाहिए कि चीनी सेना की नापाक हरकतों का जवाब कैसे और किस हद तक जाकर देना है।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 24 अगस्त 2026 सोमवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष कर्क तुला वृश्चिक मकर और मीन राशि के जातकों का मानसिक मनोबल आध्यात्मिक प्रभाव और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। सोमवार का दिन देवाधिदेव महादेव भगवान शिव तथा मन के कारक चंद्र देव की उपासना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन शिवलिंग पर दूध और जल अर्पित करने तथा ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करने से जीवन की समस्त मानसिक चिंताएं दूर होती हैं और असीम सुख शांति तथा मनोवांछित फल प्राप्त होता है।

### मेष

आज आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होंगे और मानसिक शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको नए अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं जो भविष्य में बड़ा लाभ देंगे। भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित करें जिससे आपके सभी वित्तीय मार्ग प्रशस्त होंगे।

### वृष

आज पारिवारिक मामलों में थोड़ा संयम से काम लें और वाणी पर नियंत्रण रखें। धन का निवेश सोच समझकर करें और अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। शिवलिंग पर कच्चा दूध चढ़ाएं जिससे आपके घर में शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

### मिथुन

आज आपकी बौद्धिक क्षमता और कार्य कुशलता की हर जगह प्रशंसा होगी। पुराने रुके हुए काम पूरे होने से मन में अपार प्रसन्नता रहेगी। जरूरतमंद व्यक्ति को सफेद वस्त्र दान करें जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### कर्क




आज आपकी राशि के स्वामी चंद्र देव की शुभ दृष्टि से मन शांत और प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। बहते जल में थोड़ा सा अक्षत प्रवाहित करें जिससे आपके जीवन में निरंतर प्रगति होगी।

### सिंह

आज कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है परंतु उसका परिणाम बहुत अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और दिनचर्या में योग को शामिल करें। सूर्य देव को जल अर्पित करें जिससे आपका आत्मबल मजबूत होगा।

### कन्या

आज व्यापार में उन्नति के नए मार्ग खुलेंगे और संचित धन में वृद्धि होगी। सहकर्मियों के सहयोग से लंबित योजनाएं सफलतापूर्वक संपन्न होंगी। किसी धार्मिक स्थल पर मिश्री का दान करें जिससे आपके कष्ट समाप्त होंगे।

### तुला

आज कला और साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को मान सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा जिससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। मां पार्वती की पूजा करें जिससे घर में अखंड सुख और सौभाग्य बना रहेगा।

### वृश्चिक

आज आपका पराक्रम चरम पर रहेगा जिससे आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे। संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद हल हो सकता है। हनुमान जी के सम्मुख चमेली के तेल का दीपक जलाएं जिससे आपकी सभी बाधाएं समाप्त होंगी।

### धनु

आज धार्मिक गतिविधियों में आपकी गहरी रुचि रहेगी और परिवार के साथ किसी यात्रा का विचार बन सकता है। व्यापार में साझेदारी से अच्छा लाभ होगा। मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपकी निर्णय क्षमता बेहतर होगी।

### मकर

आज नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और पदोन्नति के योग बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार आएगा जिससे मन प्रफुल्लित रहेगा। शिव चालीसा का पाठ करें जिससे करियर में आ रही रुकावटें दूर होंगी।

### कुंभ

आज लेन देन से जुड़े मामलों में पूरी सावधानी बरतें और अनजान लोगों पर भरोसा न करें। शाम के समय दोस्तों के साथ समय बिताने से तनाव कम होगा। पक्षियों को दाना डालें जिससे आपकी मानसिक चिंताएं दूर होंगी।

### मीन

आज आर्थिक स्थिति पहले से अधिक सुदृढ़ होगी और रुका हुआ धन वापस मिलेगा। अध्ययन और शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। गाय को हरा चारा खिलाएं जिससे आपके घर में शांति और संपन्नता बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

सोमवार के दिन भवन के वायव्य कोण अथवा उत्तर दिशा को पूर्णतः स्वच्छ रखकर वहां शाम के समय देशी घी का दीपक प्रज्वलित करने तथा जल छिड़कने से घर का गंभीर वास्तु दोष दूर होता है तथा भगवान शिव की कृपा से मानसिक शांति और अखंड लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

# डैशबोर्ड और विकास कार्यों में मथुरा पिछड़ा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की हुई मण्डलीय समीक्षा
- आईजीआरएस की समीक्षा में इस माह मण्डल की रैंक में गिरावट दर्ज

वृन्दावन के गीता शोध संस्थान परिसर में स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम आईजीआरएस की समीक्षा की गयी। इस माह मण्डल की रैंक में गिरावट दर्ज हुई। वहीं विगत माह की अपेक्षा सीएम डैशबोर्ड और विकास कार्यों में मथुरा को छोड़कर अन्य तीनों जिलों की रैकिंग में सुधार हुआ।

विकास कार्यों की समीक्षा में सर्वप्रथम पशुपालन विभाग में निमार्णाधीन वृहद गो-संरक्षण केंद्रों की जानकारी ली गई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि जनपद आगरा की 07 तथा मथुरा की 07 निमार्णाधीन गौशालाओं के कार्यों को ससमय पूर्ण करें।

प्राथमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अवशेष विद्यालयों को फर्नीचर से संतृप्त किया जाए तथा समस्त 19 पैरामीटर/मानकों को पूर्ण कराए। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत कराए जा रहे समस्त कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिया जाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (गोल्डन कार्ड), आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वरिष्ठ नागरिक आदि की समीक्षा हुई, जिस पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए सभी पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित करें। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वरिष्ठ नागरिक के अंतर्गत जनपद आगरा में 47 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 40 प्रतिशत, मथुरा में 43 प्रतिशत तथा मैनपुरी में 28 प्रतिशत कार्ड बनना अवशेष रह गए है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि फॉर्मर्स रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लायें।

उद्योग विभाग की समीक्षा में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चारों ही जनपदों में लक्ष्य मानक से अधिक वितरण किया गया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत शादी अनुदान योजना में जनपद आगरा, मथुरा एवं फिरोजाबाद को शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में 50 करोड़ से अधिक निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि आगरा में आनन्दी भैरों से डेरा बंजारा मार्ग पर यमुना नदी सेतु के रुके निर्माण कार्य शुरू करने के लिए सेतु निगम और जल निगम आपस में समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायें। फिरोजाबाद जिलाधिकारी को शिकोहाबाद में ग्राम रामदासपुरा के पास बन रहे यमुना नदी पर सेतु के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करने हेतु निर्देशित किया। मथुरा में छाता टाउन सीवरेज योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय के निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन करने तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त उमेश मणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी आगरा मनीष कुमार बंसल, जिलाधिकारी मैनपुरी इंद्रमणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी आगरा प्रतिभा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य, मुख्य विकास अधिकारी मैनपुरी नेहा बंधु, मुख्य विकास अधिकारी मथुरा पूजा गुप्ता, मथुरा अपर जिलाधिकारी वित्त पंकज वर्मा एवं समस्त मण्डलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान क्रांति यूनियन का राष्ट्रीय चिंतन शिविर जन्माष्टमी पर

- दो से चार सितम्बर तक शिविर का आयोजन होगा
- देश भर के सभी जिलों से हजारों किसान भाग लेने आएंगे मथुरा में

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



मथुरा महानगर के हृदय स्थल होली गेट चौराहा स्थित भारतीय किसान क्रांति यूनियन के महानगर कार्यालय शनिवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन के उत्तर प्रदेश प्रभारी मानिक शर्मा, भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि दो से चार सितंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा महानगर के मसानी चौराहा चित्रकूट के सामने मिडलैंड कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। किसान क्रांति यूनियन के नेता द्वय ने कहा यूनियन का तीन बार प्रत्येक वर्ष चिंतन शिविर आयोजित किया जाता है। पहला हरिद्वार, दूसरा मथुरा में और तीसरा प्रयागराज में आयोजित होता है। मथुरा में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर में देश के हर प्रांत से करीब 10 हजार किसान मथुरा पहुंचेंगे। 3 सितंबर को मथुरा जनपद के किसानों की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग के लिए चिंतन शिविर के मंच से ही जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप दिया जाएगा। राष्ट्रीय चिंतन शिविर के समापन के दिन एक बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी राष्ट्रीय चिंतन शिविर में तीन दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

राष्ट्रीय चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए मथुरा जंक्शन से लेकर मसानी चौराहा तक तोरण द्वार बनाए जाएंगे। प्रेस वार्ता में भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट ऋषि मिश्रा,उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव बबलू , बृजेश, प्रांत अध्यक्ष योगेश यादव राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राष्ट्रीय सचिव पंडित मोनू शर्मा,उत्तर प्रदेश महासचिव पंडित नरोत्तम लाल पाराशर, जिला अध्यक्ष भगवान दास तोमर, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, वरिष्ठ किसान नेता प्रयागनाथ चतुर्वेदी, वृंदावन नगर अध्यक्ष विनोद राजपूत, विकास तोमर मौजूद थे।

# साजिश रच ट्रैप किया जा रहा लेखपालों को, प्रदर्शन



- मुख्यमंत्री को ज्ञापन दे एसओपी की उठाई मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा तहसील सदर मथुरा के लेखपालों ने सदर तहसील में एकत्रित होकर लेखपालों के साथ हो रहे अनुचित एवं दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों का विरोध किया। सभी ने एकजुटता दिखाते हुए ऐसे कार्यों दूर रखने एवं कार्यवाही से पूर्व निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही किए जाने को कहा। इस मौके पर अयोध्या में की गई कार्यवाही पर भी आक्रोश जताते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौपा गया और न्याय की मांग की।

शनिवार को सदर तहसील के लेखपाल संघ परिसर में आहूत बैठक में जिलाध्यक्ष कपिल उपाध्याय ने कहा कि लेखपालों के साथ अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साजिश रचकर उन्हें ट्रैप किया जा रहा है। एंटी करप्शन द्वारा आयोध्या की तहसील सोहावल में भाई उत्कर्श दीप के साथ किया उसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि सीसी कैमरों की फुटेज कुछ और ही इशारा कर रही है। वह चाहते हैं कि इसकी निष्पक्ष जांच हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लेखपालों के विरूद्ध भ्रष्टाचारनिवारण संगठन (एसीओ) की जा रही अनुचित, फर्जी जांच जारी हैं। इन्हें तत्काल रोका जाना चाहिए। इस मौके पर दो सूत्रीय मुख्यमंत्री को प्रेषित मांग पत्र पढ़ कर सुनाया गया, जिसमें उक्त सभी प्रकार की जांचों को निरस्त कर सभी प्रकरणों की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई। इसके लिए एसओपी (स्टेंडर्ड आपरेटिंग प्रौसीजर) बनाने को भी कहा गया है। संचालन मंत्री गौरव कुमार ने किया। इस मौके पर नेहा चौधरी शिवानी, हरेंद्र उपाध्याय धीरेंद्र मोहन, रीना पवार, वीरी सिंह, राजन यादव आदि मौजूद रहे।

## वृद्ध से लगवाया अंगूठा, खाते से 30 हजार पार

**फतेहाबाद।** बैंक से रुपये निकालने आए वृद्ध को ईको चालक ने अपनी बातों में फंसा लिया। इसके बाद जनसेवा केंद्र पर ले जाकर उनके खाते से 30 हजार रुपये निकलवाकर अपने खाते में जमा करा लिए और मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने शनिवार को थाना फतेहाबाद में तहरीर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम मुरावल निवासी मोहर सिंह पुत्र लटूरी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 20 अगस्त को कस्बा फतेहाबाद स्थित भारतीय स्टेट बैंक से रुपये निकालने के लिए अवंती चौक से पैदल जा रहे थे। इसी दौरान शकुंतला देवी नर्सिंग होम के पास एक ईको चालक ने उन्हें रोक लिया और आगे तक छोड़ने की बात कहकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया।वृद्ध ने बताया कि वह स्टेट बैंक के सामने स्थित एक जनसेवा केंद्र पर अपने आधार कार्ड की प्रिंट निकलवाने के लिए गए थे। इसी दौरान ईको चालक भी जनसेवा केंद्र पर पहुंच गया। ईको चालक ने जन सेवा केंद्र संचालक को उनके खाते से 30 हजार रुपये निकालने के लिए कहा इसके बाद खाते से 30 हजार रुपये निकल गए। आरोप है कि ईको चालक ने जनसेवा केंद्र संचालक से रुपये अपने खाते में जमा करा लिए। खाते से रुपये निकलने की जानकारी होने पर वृद्ध और जनसेवा केंद्र संचालक ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चालक ईको लेकर मौके से फरार हो गया।

# संस्कृत भारती ने संस्कृत सप्ताह के कार्यक्रम संयोजक किए नियुक्त

## श्रावणी पूर्णिमा से 31 अगस्त तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

- कार्यक्रम के माध्यम से घर-घर संस्कृत भाषा का करेंगे प्रचार प्रसार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



संस्कृत भारती ब्रज प्रांत द्वारा श्रावण पूर्णिमा 28 अगस्त को विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष में घर-घर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से संस्कृत सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संयोजक घोषित किए गए हैं। 25 अगस्त को हवन पूजन व संस्कृत जागरूकता शोभायात्रा के साथ संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा अटल्ला चौराहा वृन्दावन स्थित श्री राम मंदिर से अपराह्न तीन बजे प्रारंभ होकर वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित सोह्म आश्रम पर हवन पूजन के साथ सम्पन्न होंगी। इसके संयोजक गंगाधर अरोड़ा एवं सहयोगी प्रदीप श्रीवास्तव होंगे। 26 अगस्त को जनसाधारण में संस्कृत भाषा के स्टीकर, बैनर, पत्रक, एवं संस्कृत वदतु पुस्तिका का वितरण कर घर घर प्रचार प्रसार किया जाएगा कार्यक्रम का शुभारंभ श्री दीर्घ विष्णु मंदिर घीया मंडी से किया जाएगा कार्यक्रम संयोजक रामदास चतुर्वेदी शास्त्री एवं सहयोगी अखिलेश गौतम होंगे। 27 अगस्त को विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं की प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में होगी। जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता, सुभाषित, श्लोक वाचन एवं लेखन, संस्कृत भाषण और संस्कृत निबंध लेखन, ध्येय वाक्य व गायत्री मंत्र लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम संयोजक श्याम सुंदर शर्मा एवं सहयोगी डा. संजय शर्मा होंगे। 28 अगस्त श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन श्रावणी उपाकर्म व गायत्री जयंती एवं विश्व संस्कृत दिवस पर संस्कृत भाषा में शुभकामना संदेश दे कर समाज में संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षण पैदा किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक गणेश शंकर पाण्डेय एवं सहयोगी रामदास चतुर्वेदी शास्त्री होंगे। 29 अगस्त को सार्वजनिक स्थानों पर घर घर तुलसी अभियान चलाया जाएगा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक आचार्य ब्रजेन्द्र नागर एवं सहयोगी संदीप चौधरी होंगे। 30 अगस्त को विद्वत गोष्ठी एवं सम्मान समारोह व प्रतिभागियों का पुरस्कृत वितरण सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल में होगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं सहयोगी आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी होंगे। 31 अगस्त को संस्कृत जागरुकता शोभायात्रा राजकीय इण्टर कालेज से प्रारंभ होकर होली गेट होकर सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर पर धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न होंगी। कार्यक्रम के संयोजक गंगाधर अरोड़ा एवं सहयोगी योगेश उपाध्याय आवा होंगे।

इस अवसर पर डा. धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, गणेश शंकर पाण्डेय, ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी,आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, प्रदीप श्रीवास्तव, हरस्वरुप यादव, रामदास चतुर्वेदी शास्त्री, योगेश उपाध्याय आवा,संदीप चौधरी, अखिलेश गौतम, मुरलीधर चतुर्वेदी आदि ने संस्कृत सप्ताह को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अपील की है।



## जन्मभूमि पर कालीघटा में विराजे केशवदेव जी महाराज

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रावण मास की प्रतिपदा से आरंभ हुई विभिन्न घटाओं के क्रम में शनिवार (22 अगस्त 2026) की सायं 4:00बजे से रात्रि 10:00बजे तक श्रीकृष्ण-जन्मस्थान (जन्मभूमि) प्रांगण में स्थित ठाकुर श्रीकेशवदेव जी मंदिर में सुप्रसिद्ध काली घटा का भव्य आयोजन किया गया। श्रीकेशवदेव मंदिर के अन्दर सजी कालीघटा की मनोहारी झाँकी ने भक्तों का मन-मोहा, तथा जन्मस्थान प्रांगण का माहौल उत्साहजनक बना दिया। सुप्रसिद्ध कालीघटा के मध्य विराजे ठाकुर श्रीकेशवदेव महाराज के श्रीविग्रह की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु-भक्त आतुर दिखाई दिये। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान की सुप्रसिद्ध कालीघटा को देखने के लिए भक्तों की कतारें जन्मस्थान परिसर में एवं प्रवेश द्वारों पर देखी गयीं। यह सिलसिला सायं 4:00बजे से प्रारंभ होकर रात्रि में मंदिर के पट बंद होने तक अनवरत चलता रहा। सुप्रसिद्ध कालीघटा के श्रीकृश्ण-जन्मस्थान परिसर में विराजमान श्रीकेशवदेव मंदिर में प्रवेश करते ही चमकती-कड़कती बिजली, गरजते-बरसते मेघ, उपवन में नृत्य करते मोर की आवाज, चहचहाते पक्षियों के मध्य उपवन की सज्जा में विराजे ठाकुर श्रीकेशवदेव जी के मनोहारी दर्शन कर स्थानीय भक्तों के साथ-साथ देश-विदेश से पधारने वाले श्रद्धालुओं ने भी अक्षुण्ण पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## क्षेत्रीय जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** श्रीजी बाबा सरस्वती शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज जतीपुरा के छात्र शिवराज सिंह कुंतल ने अंडर 14 जूडो की 38वीं क्षेत्रीय प्रतियोगिता जो कि परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन में 16 अगस्त से 19 अगस्त 2026 तक सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में भैया ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस मंगल अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ विनोद कुमार शर्मा ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए समस्त छात्र छात्राओं के समक्ष पटुका एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के शारीरिक प्रमुख आचार्य बहादुर सिंह ने कहा कि अब यह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता रांची में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर अजय शर्मा, षडानन भारद्वाज , जानकी देवी, हरिओम भारद्वाज, घनश्याम सिंह वीनू पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त किया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा फार्म भरने व फीस जमा करने की तिथि बढ़ी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

यूपी बोर्ड ने कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर तक बढ़ाई गई है।शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभापति प्रताप सिंह बघेल ने अपने पत्र दिनांक 20 अगस्त 2026 के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं से प्राप्त बोर्ड परीक्षा शुल्क को किसी कारण कोषागार में जमा नहीं कर पाये हैं वे अब एक सितम्बर की अंतिम तिथि तक शुल्क को जमा करा सकेंगे। यह तिथि पहले 16 अगस्त थी। जबकि कोषागार में जमा किए गए परीक्षा शुल्क की सूचना तथा छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि पांच सितम्बर की मध्य रात्रि 12 बजे है। यह तिथि पहले 20 अगस्त थी।

### कक्षा 9 और 11 के अग्रिम पंजीकरण की तिथि भी बढ़ाई

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 9 व 11 में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं किसी भी कालेज में प्रवेश लेने के लिए पंजीकरण नहीं करा सके हैं उनको एक मौका और दिया है। ऐसे छात्र - छात्राओं से 50 रुपये पंजीकरण शुल्क प्रधानाचार्य के माध्यम से जमा करेगा। इसमें से 40 रुपये प्रत्येक छात्र परिषद के खाते में राजकीय कोषागार में और 10 रुपये कॉलेज के खाते में 10 सितम्बर तक जमा करेगा।

## महाकाल प्रॉपर्टी ग्रुप के कार्यालय पर सब-इंस्पेक्टर का स्वागत

**एत्मादपुर।** सावन के पवित्र महीने के उपलक्ष्य में महाकाल प्रॉपर्टी ग्रुप के माध्यम से भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुष्ठान के बाद सभी उपस्थित भक्तों और क्षेत्रीय लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। पूरा माहौल शिवभक्ति के जयकारों से गुंजायमान रहा। इसी पावन अवसर पर दोहरी खुशी का माहौल देखने को मिला। महाकाल प्रॉपर्टी ग्रुप के लाला ठाकुर के चचेरे भाई अमन सिकरवार का उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) के पद पर चयन होने पर कार्यालय पर एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। लाला ठाकुर ने अपने भाई अमन सिकरवार की इस बड़ी सफलता पर उनका जोरदार स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगरा महानगर के उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने नवनियुक्त सब-इंस्पेक्टर अमन सिकरवार को फूल-माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया।

# हाईवे पर ट्रैक्टर ने कुचला सफाई कर्मी

## आक्रोश में परिजन व कर्मचारियों ने भरतपुर गेट चौराहे पर लगाया जाम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जयगुरुदेव मंदिर के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ नगर निगम के एक सफाई कर्मचारी को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और सफाई कर्मचारियों ने भरतपुर गेट चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। इलाके में भारी हड़कंप मच गया और तनाव की स्थिति बन गई।

शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे नगर निगम के सफाई कर्मचारी ओमप्रकाश हाईवे पर सफाई कार्य के लिए जा रहे थे। । इसी दौरान जयगुरुदेव मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में ओमप्रकाश की मौके पर ही सांसें थम गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। मृतक के परिजनों और साथी सफाई कर्मचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। वे नगर निगम के उच्च अधिकारियों को तुरंत मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। मांग पूरी न होने पर उन्होंने शव को भरतपुर गेट चौराहे पर रखकर मार्ग पूरी तरह बाधित कर दिया। चौराहे पर जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी बल के साथ मौके पर पहुँचे। काफी मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। निगम अधिकारियों का कहना है कि मृतक सफाई कर्मी के परिजनों को नियमानुसार सभी प्रकार की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# सवारियों से भरी डबल डेकर बस ट्रक से टकराई

## लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हादसे में चालक-परिचालक घायल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहाबाद।



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के सवारियों से भरी डबल डेकर बस पीछे से ट्रक में घुस गई। इस दौरान चालक-परिचालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा की टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी होलीडे ट्रैवल्स की बस चालक विजय पुत्र संजय चला रहा था।साथ में परिचालक मुकेश पुत्र किशनपाल निवासी श्याम दासपुरा जिला अतरौली जिला हरदोई पटना से 40 सवारी लेकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही बस थाना फतेहाबाद क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की किलोमीटर 31.300 पर शनिवार तड़के 4:45 बजे पहुंची तो बस का अगला हिस्सा आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया जिससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे में बस का चालक व परिचालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को यूपीडा की टीम ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी फतेहाबाद में भर्ती कराया गया। तथा बस को क्रेन की सहायता से रोड से हटाया गया। वहीं बाकी सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है। यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी प्रथम सुधीश कुमार शुक्ला ने बताया कि बस आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी फतेहाबाद भेजा गया है। सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है।

# बटेश्वर हॉल्ट अब बनेगा रेलवे स्टेशन

**बटेश्वर।** बटेश्वर रेलवे हाल्ट को अब पूर्ण रेलवे स्टेशन का दर्जा मिल गया है। यह घोषणा बटेश्वर, जो भगवान शिव के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है, के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। स्टेशन के रूप में इसे विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। इससे स्थानीय निवासियों और देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर रेल सुविधा मिलेगी। बटेश्वर धाम एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है जहाँ वर्षभर श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। सावन, महाशिवरात्रि और अन्य प्रमुख धार्मिक आयोजनों के दौरान यहाँ बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। रेलवे स्टेशन के रूप में सुविधाओं का विस्तार होने से तीर्थयात्रियों की यात्रा और अधिक सुगम हो सकेगी। स्टेशन के विकसित होने के बाद यहाँ ट्रेनों के ठहराव में वृद्धि और यात्रियों के लिए सुविधाओं में बढ़ोतरी की दिशा में काम किया जाएगा। इससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बटेश्वर पहुँचने में आसानी होगी और उन्हें बेहतर यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे। स्थानीय निवासियों का मानना है कि बटेश्वर जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल को बेहतर रेलवे कनेक्टिविटी मिलने से क्षेत्र के पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्टेशन के विकास से बटेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। बटेश्वर को रेलवे की बेहतर सुविधा से जोड़ने की यह पहल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# करहल में संत विवेकानंद स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## रक्षाबंधन पर राखी बनाओ, थाल सजाओ और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**टीएनएफ टुडे, करहल।**

संत विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल, विवेकानंद किड्स स्कूल एवं संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ह्यराखी बनाओ, थाल सजाओ एवं मेहंदी लगाओह्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

छात्र-छात्राओं ने घर में उपलब्ध वेस्ट मटेरियल का प्रयोग करते हुए विभिन्न आकर्षक डिजाइनों की राखियां तैयार कीं तथा सुंदर ढंग से थाल सजाए। वहीं छात्राओं ने मेहंदी के आकर्षक डिजाइन बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का अवलोकन विद्यालय के निदेशक डॉ. जे.पी. यादव एवं प्रबंधक सरिता सिंह ने किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई राखियों, सजे हुए थाल एवं मेहंदी के डिजाइनों की सराहना की। विद्यालय के निदेशक डॉ. जे.पी. यादव ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, विश्वास और पारिवारिक एकता का संदेश देता है।



विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सरिता सिंह ने कहा कि हमारी परंपराएं परिवार में खुशियां लाने के साथ ही लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का कार्य करती हैं। इन परंपराओं का निरंतर निर्वहन किया जाना चाहिए।



संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल में परिणाम राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम दिव्यांशी (कक्षा 4-A), द्वितीय दिव्या (4-E) एवं तृतीय दीक्षा (4-D) रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी (5-E), द्वितीय मान्या (5-B) एवं तृतीय एंजल (4-A) रहीं। थाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम हिमानी (5-B), द्वितीय नित्या (4-F) एवं तृतीय सिद्धिका (4-A) ने स्थान प्राप्त किया।

विवेकानंद किड्स स्कूल राखी एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम अनन्या एवं आध्या (UKG-F), द्वितीय आरव (UKG-C) एवं मायशा (UKG-F), जबकि तृतीय सार्थिक (PG) एवं सौम्या (UKG-A) रहे।

संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल राखी बनाओ प्रतियोगिता में सेजल ग्रुप की कक्षा छह की छात्राएं सेजल, जानवी, वैष्णवी, रोजी, अलीशा, मान्या एवं खुशी प्रथम रहीं। आराध्य ग्रुप की कक्षा आठ की छात्राएं योगिता, अनामिका, एलिस, अलीजा, अनुष्का, प्राची एवं श्रद्धा द्वितीय तथा मानवी ग्रुप की कक्षा सात की छात्राएं अनन्या, मोहिनी, मन्नत एवं संध्या तृतीय स्थान पर रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 11-A की मोनिका प्रथम, 10-E की खुशबू द्वितीय एवं 11-C की दिव्यांशी तृतीय रहीं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रजीत यादव, सुधीर कश्यप, नजमा सैयद, भूमि जैन, सोनी, मनीषा, रुचि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आठ-दस दिन से भटक रहे किसान

# समय से खाद न मिलने पर साधन सहकारी समिति पर फूटा गुस्सा

**टीएनएफ टुडे, कुर्रा (मैनपुरी)।**

क्षेत्र की साधन सहकारी समिति सामान्य लिमिटेड, कुर्रा (जरावन) पर खाद की किल्लत और वितरण में घोर अनियमितता को लेकर किसानों का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित किसानों ने समिति परिसर में एकत्रित होकर सचिव और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

किसानों का दर्द है कि वे पिछले आठ से दस दिनों से लगातार खाद के लिए समिति के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर दिन उन्हें सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बाद खाली हाथ ही घर लौटना पड़ रहा है।किसानों ने बताया कि क्षेत्र में इस समय धान, मक्का और बाजरा की फसलें खेतों में खड़ी हैं। फसलों के बेहतर विकास और अच्छे उत्पादन के लिए इस नाजुक दौर में यूरिया खाद डालना बेहद जरूरी हो चुका है। यदि समय पर खाद नहीं मिली तो फसलें पीली पड़ जाएंगी और पूरी मेहनत बर्बाद हो जाएगी। ऐसे संकट के समय में भी समिति प्रबंधन संवेदनहीन बना हुआ है।प्रदर्शन कर रहे छोटे और सीमांत किसानों ने समिति प्रबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यहाँ नियमों को ताक पर रखकर 'शक्ल देखकर' खाद बांटी जा रही है। जो किसान रसूखदार हैं या बड़े स्तर के हैं, उन्हें पिछले दरवाजे से बिना किसी परेशानी के पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करा दी जाती है। वहीं दूसरी ओर, जो छोटे स्तर के गरीब किसान हैं, उन्हें स्टॉक खत्म होने का बहाना बनाकर टरका दिया जाता है।




पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से इस भेदभावपूर्ण रवैये पर तुरंत रोक लगाने, खाद वितरण की निष्पक्ष जांच कराने और छोटे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खाद की व्यवस्था सुचारू नहीं की गई, तो वे तहसील मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे।

प्रदर्शन में मौजूद किसान सुरेश चंद्र तरोलिया, श्यामवीर सुंदरपुर, चंद्रपाल उटैया, रणवीर तरोलिया, निलेश गदनपुर, उदयवीर तरोलिया, अभयराम जालमपुर , शिवेंद्र सुखचैनपुर, रामावतार कछपुरा, हरिओम सुखचैनपुर, उर्मिला देवकली, पुष्पा देवी रंपुरा, शिवकुमार जयसिंहपुर समेत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती के लिए चयनित 21 गांव, किसानों को मिलेगा अनुदान

**टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।**

उप कृषि निदेशक एनके त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में वर्ष 2025-26 से नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत विकासखंड मैनपुरी के करीमगंज, जसरऊ, उझैया फकीरपुर, अस्योली, जरामई, बरौली, हलपुरा, लहरा महुअन, सथिनी दलीपपुर और शिवसिंहपुर नबादा तथा सुल्तानगंज विकासखंड के सिवाई भदौरा, रूई सिनौरा, उद्यमपुर नरैनी, सहारा, हन्नूखेड़ा, आलीपुर पट्टी, मानिकपुर, पाल, ललूपुर और सुरजनपुर गांवों का चयन किया गया है।

इन चयनित गांवों में चिन्हित किसान प्राकृतिक खेती करेंगे। खेती में प्राकृतिक रूप से तैयार किए गए निवेश जैसे बीजामृत, जीवामृत और घनजीवामृत आदि का प्रयोग किया जाएगा। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को खरीफ एवं रबी सीजन में 2-2 हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जाएगा।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि जो किसान स्वयं प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक जैविक निवेश तैयार करने में सक्षम नहीं होंगे, उन्हें जैव इनपुट संसाधन केंद्र (बीआरसी) के माध्यम से आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

बीआरसी की स्थापना एफपीओ, सहकारी समिति अथवा स्थानीय ग्रामीण उद्यमी द्वारा की जा सकती है। चयनित बीआरसी सदस्यों को केंद्र स्थापित करने के लिए एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। बीआरसी सदस्य प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक बायोइनपुट तैयार कर स्वयं खेती में उपयोग करने के साथ ही योजना से जुड़े किसानों को उनकी मांग के अनुसार उचित मूल्य पर उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने बताया कि बीआरसी के रूप में कार्य करने के इच्छुक एफपीओ, सहकारी समितियां, स्वयं सहायता समूह एवं ग्रामीण उद्यमी उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।



### पुराने मॉडल के विचारों को त्यागकर नवीनता पूर्ण विचारों के कराएं नामांकन : अश्वनी जैन

**सिरसागंज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इण्डिया के तत्वाधान में आयोजित इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की एक कार्यशाला अरांव ब्लॉक के प्रधानाध्यपकों एवं शिक्षकों की बीआरसी अरांव, सिरसागंज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में आयोजित की गई। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के जिला सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में नामांकन के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय अपनी इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर अपनी स्कूल आईडी से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों के नाम पर बैंक का खाता होना चाहिए। प्रथम स्तर पर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की धनराशि उस विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि के उपयोग से चयनित विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रथम स्तर पर करेंगे। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2026 है। उन्होंने यह भी बताया कि पुराने मॉडल जैसे सोलर मॉडल, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, हाइड्रोलिक लिफ्ट जैसे मॉडलों के विचारों को त्यागकर नवीनता पूर्ण विचारों का नामांकन कराएं। कार्यशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी अरांव नंद कुमार, ए आरपी सुभाष चन्द्र, सुधीर कुमार, मनोज यादव एवं अरांव ब्लॉक के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### ग्यामई में पुलिस उप निरीक्षक बने अमन का हुआ स्वागत सम्मान

**शिकोहाबाद।** निकटवर्ती ग्राम ग्यामई निवासी युवक का चयन उप निरीक्षक के पद पर हुआ है। इसको लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती विद्या मंदिर गयामई में किया गया। जिसमें एसआई की परीक्षा में चयनित हुए अमन यादव का स्वागत सम्मान किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरांव ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत रहे। इस दौरान शिक्षकों एवं ग्रामीण लोगों द्वारा उनका माला पहनकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया । मां सरस्वती विद्या मंदिर गयामई में स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हाल ही में संपन्न हुई उप निरीक्षक की पुलिसभर्ती की परीक्षा में अमन यादव पुत्र संतोष यादव निवासी ग्यामई का चयन हुआ है । अमन ने हाई स्कूल तक की परीक्षा सरस्वती विद्या मंदिर ग्यामई से ही पूर्ण की थी तथा इसके बाद उन्होंने इंटर पुरातन सरस्वती इंटर कॉलेज शिकोहाबाद से की। ग्रेजुएशन करने के बाद पुलिस की उप निरीक्षक की परीक्षा के लिए आवेदन किया, जिसमे सफलता हासिल की है। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत ने कहा कि बच्चों को शिक्षा पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है। आज प्रदेश सरकार भी शिक्षा पर काफी ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में काबिलियत को पूरा सम्मान मिल रहा है । भाजपा सरकार में पहली की सरकारों जैसा जुगाड का कार्य नहीं हो रहा है। अमन ने भी पढ़ाई की दम पर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है । उन्होंने स्कूल में मौजूद सभी छात्र छात्राओं से कहा कि रील आदि बनाने में समय व्यतीत न करें तथा पढ़ाई में पूरी तरह से जुटें रहे । इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव, सुनील कुमार, राम सिंह, भजन लाल चरन सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं स्कूल में मौजूद बच्चों ने भी अमन का स्वागत किया।

### कावड़ लेकर शिक्षकों का ग्रुप हुआ रवाना, कल आएंगे

**शिकोहाबाद।** धर्मनगरी सौरों से कांवड़ भरने के लिए आज शनिवार को नारायणी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का एक ग्रुप रवाना हुआ है, जो सोमवार 24 अगस्त को चौमुखी महादेव मंदिर पर कांवड़ लेकर आने के बाद जलाभिषेक किया जाएगा । कांवड़ यात्रा में शामिल शिक्षक सौरों के घाट से विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात अपनी आध्यात्मिक यात्रा प्रारंभ करेंगे। इसमें प्रत्यूष शर्मा, आशीष तिवारी, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, उदय यादव, अंकित यादव, अजय पाल, आशीष यादव आदि शामिल हैं। भक्तिमय गीतों और हर हर महादेव के जयघोषों के बीच इन कांवड़ियों का कारवां शिकोहाबाद से सोरों को रवाना हुआ है। कांवड़िए पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे ।

# औद्योगिक प्रतिष्ठानों में जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू

**टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।**

सहायक निदेशक कारखाना ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में जोखिम आधारित नवीन निरीक्षण प्रणाली तथा थर्ड पार्टी ऑडिट की व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत कारखानों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों को कम, मध्यम और उच्च जोखिम की श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

उन्होंने बताया कि कम जोखिम वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए स्व-प्रमाणन की व्यवस्था लागू की गई है, जबकि मध्यम जोखिम श्रेणी के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं ऑडिट थर्ड पार्टी के माध्यम से कराने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए शासन द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट योजना जारी की गई है।

योजना के अंतर्गत श्रम कानून ऑडिटर फर्म एवं तकनीकी ऑडिटर फर्मों का पंजीकरण और इम्पैनलमेंट किया गया है। इसके माध्यम से औद्योगिक प्रतिष्ठानों को स्वैच्छिक रूप से ऑडिट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

सहायक निदेशक ने बताया कि थर्ड पार्टी सलाहकार योजना के तहत श्रम कानून सलाहकार फर्म एवं तकनीकी सलाहकार फर्मों के माध्यम से प्रतिष्ठानों को श्रम कानूनों, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्य दशाओं से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन के लिए तकनीकी एवं विधिक परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों में विधिक अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देना, कार्यस्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना, श्रमिकों के हितों का संरक्षण करना तथा उद्योगों को अनुपालन से जुड़े मामलों में विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

# एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में लेखपालों ने किया कार्य बहिष्कार

## एसडीएम व तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

**टीएनएफ टुडे, करहल।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील करहल इकाई ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ), एंटी करप्शन एवं विजिलेंस टीम द्वारा की जा रही ट्रैप कार्रवाई के विरोध में शनिवार को कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम करहल को सौंपकर मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

ज्ञापन में संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और कठिन परिस्थितियों में शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ भूमि विवाद, पैमाइश, अतिक्रमण सहित विभिन्न राजस्व कार्यों का निर्वहन करते हैं। आरोप लगाया कि कुछ मामलों में शिकायत की पृष्ठभूमि, शिकायतकर्ता की मंशा और शिकायत की वास्तविकता की पर्याप्त जांच किए बिना लेखपालों के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई की जा रही है।




संघ ने विशेष रूप से 20 अगस्त 2026 को जनपद अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्षदीप के खिलाफ हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि संबंधित प्रकरण में उपलब्ध तथ्यों, सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो सहित अन्य साक्ष्यों की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए।

लेखपाल संघ ने मांग की कि भविष्य में किसी लेखपाल के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायत की सत्यता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि और शिकायत के उद्देश्य की विस्तृत जांच अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही बिना ठोस एवं प्रत्यक्ष साक्ष्य के किसी कर्मचारी को फंसाने की कार्रवाई पर रोक लगाने तथा एसीओ एवं विजिलेंस अधिकारियों के लिए स्पष्ट और कड़े मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ भ्रष्टाचार के किसी भी रूप का समर्थन नहीं करता, लेकिन निर्दोष कर्मचारियों को झूठी अथवा दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के आधार पर कार्रवाई का शिकार बनाए जाने को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष रवनीश कुमार, तहसील मंत्री अवनीश यादव, सुरजीत सिंह, क्षितिज शांत, दिनेश कुमार, अजीत, जयप्रताप, हरिओम, रेखा, अनुराधा, गोल्डी, अंजली, इंदू, चंद्रकेतु, मनीष, जियाउद्दीन, अंकुर गुप्ता, अमित समेत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, भारी मात्रा में सामान बरामद

**टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।**

थाना एलाऊ पुलिस, एसओजी/स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का विद्युत ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मर का तेल, कॉइल, उपकरण, दो वाहन, नकदी तथा अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ट्रांसफार्मर से तेल और अंदर का सामान निकालकर चोरी करने के अभ्यस्त हैं।

बताते चले कि 21 अगस्त 2026 की रात करीब 9:35 बजे तारापुर-भोगांव रोड पर दिलाखर गांव की पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सौरभ मिश्रा पुत्र अमित मिश्रा निवासी सकरुल्लापुर थाना नवाबगंज, जनपद फरुर्खाबाद, उम्र करीब 22 वर्ष तथा अजीत पुत्र रामनरेश निवासी सकरुल्लापुर थाना नवाबगंज, जनपद फरुर्खाबाद, उम्र करीब 38 वर्ष के रूप में हुई।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार सफेद कट्टियों में करीब 50 लीटर विद्युत ट्रांसफार्मर का तेल, एक क्षतिग्रस्त 25 केवी विद्युत ट्रांसफार्मर, एक बड़ी विद्युत ट्रांसफार्मर कॉइल, दो छोटी कॉइल, दो रिंच, दो पेचकस, एक प्लास, दो एमरॉन कार बैट्री, ईको गाड़ी संख्या वढ 76 अव 8560, पिकअप संख्या वढ 75 अळ 5847 तथा 10 हजार रुपये नकद बरामद किए।

इसके अलावा आरोपियों के पास से 315 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया। मामले में थाना एलाऊ पर मु0अ0सं0 294/2026, धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

पूछताछ के दौरान पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अपने अन्य साथियों पूरन पुत्र रामबाबू निवासी सिवाराखास थाना कायमगंज, फरुर्खाबाद तथा श्यामवीर ठाकुर और भूरे ठाकुर निवासीगण सिवाराखास थाना कायमगंज, फरुर्खाबाद के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने और चोरी का माल कबाड़ी को बेचने की बात बताई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग जनपदों और थानों में कई अभियोग दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अवनीश त्यागी, एसओजी/स्वाट प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह, प्रभारी सर्विलांस निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित एसओजी/स्वाट और थाना एलाऊ के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### अयोध्या में पकड़े गए लेखपाल की निष्पक्ष जांच को दिया ज्ञापन

**शिकोहाबाद।** अयोध्या में एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपाल उत्कर्षदीप को पकड़े जाने के विरोध में शनिवार को शिकोहाबाद लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लेखपालों ने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग की है। लेखपालों का आरोप है कि लेखपाल को षड्यंत्रपूर्वक फंसाने का प्रयास किया है। घटनाओं से प्रदेश के लेखपालों में भय, मानसिक प्रताड़ना एवं असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ रही है । इसका उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ भ्रष्टाचार के किसी भी रूप का विरोध करता है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि अयोध्या सोहावल प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की जाए। एसआईटी से तत्काल जांच कराई जाए। अगर लेखपाल को षड्यंत्रपूर्वक फंसाया गया हो तो तत्काल न्यायोचित राहत प्रदान की जाए। इस दौरान अध्यक्ष शिवांश मोहन मिश्रा, शरद दुबे, ब्रजेश कुमार, गजेन्द्र शर्मा, कौशल कुमार, सोरम सागर, शैलेंद्र कुमार सहित कई लेखपाल मौजूद थे।

# एडीएम ने 4150 छात्र-छात्राओं को दिया सफलता का मंत्र

**टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।**

'सफलता का मार्ग अधिकारियों के साथ' श्रृंखला के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल ने सुगरा बेगम इंटर कॉलेज पहुंचकर करीब 4150 छात्र-छात्राओं को संबोधित कर कैरियर एवं जीवन में सफलता के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में 150 छात्राएं प्रत्यक्ष रूप से जुड़ीं।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प बेहद जरूरी हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने सपनों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जुनून के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही व्यवहार में विनम्रता बनाए रखने और अहंकार से दूर रहने की सीख दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय सूचनाओं की बहुलता का है। ऐसे में भ्रमित करने वाली सूचनाओं से बचते हुए जागरूक रहकर सही और उपयोगी जानकारी का चयन करना जरूरी है। विद्यार्थियों को अपनी आंतरिक क्षमता और रुचि को पहचानकर कैरियर का चुनाव करना चाहिए तथा अपने लक्ष्य को लेकर पूरी तरह स्पष्ट रहना चाहिए।



एडीएम ने कहा कि शिक्षा जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन लाने का माध्यम है। इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझते हुए गंभीरता से अध्ययन करना चाहिए।

व्यावहारिक जीवन के संदर्भ में उन्होंने पंचतंत्र की कहानी का उदाहरण देते हुए छात्राओं को व्यवहारिक समझ एवं बुद्धिमत्ता अपनाने की सलाह दी। जैन दर्शन के स्यादवाद सिद्धांत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान को किसी एक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं रखना चाहिए। निरंतर सीखने और विभिन्न दृष्टिकोणों से सत्य को समझने की प्रवृत्ति व्यक्ति को आगे बढ़ाती है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं आफरीन शाहिद और उजमा ने अपर जिलाधिकारी से कैरियर संबंधी प्रश्न पूछे। अपर जिलाधिकारी ने दोनों छात्राओं के सवालों का विनम्रता एवं शालीनता से जवाब दिया, जिससे छात्राएं संतुष्ट नजर आईं।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टुकसान में अपने मन की बात पर आधारित चिट्ठी लेखन कार्यक्रम का आयोजन

## जिलाधिकारी ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास के लिए अपनी रुचि के अनुसार खेल खेलने पर दिया जोर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, टुकसान में छात्राओं द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को संबोधित करते हुए अपने मन की बात, अपेक्षाओं, सपनों एवं सुझावों पर आधारित चिट्ठी लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने जिलाधिकारी अतुल वत्स, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा एवं मुख्य विकास अधिकारी पी0एन0 दीक्षित को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अपनी भावनाओं, विचारों एवं भविष्य की आकांक्षाओं को पत्र के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना रहा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अतुल वत्स, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा एवं मुख्य विकास अधिकारी पी0एन0 दीक्षित ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया। अधिकारियों ने छात्राओं से उनकी रुचियों, पढ़ाई एवं भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्राओं से आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के जीवन परिचय के संबंध में भी जानकारी ली गई।

जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास भी आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहने के साथ ही आत्मविश्वास एवं अनुशासन की भावना भी विकसित होती है। जिलाधिकारी ने छात्राओं को खून की कमी दूर करने के लिए आयरन युक्त हरी पत्तेदार सब्जियों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह दी।

उन्होंने स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि गंदगी से अनेक बीमारियां पनपती हैं, इसलिए अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि छात्राओं को अपनी भावनाओं एवं विचारों की अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ह्यपत्र लेखन पहलह्न शुरू की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पत्र लेखन के माध्यम से अपने विचार, सुझाव एवं देश के विकास से संबंधित अपने दृष्टिकोण को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने छात्राओं को बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा बच्चों के लिए ह्ययोगी की पातीह्न के माध्यम से अपने विचार एवं भावनाएं साझा की जाती हैं। इसी क्रम में छात्राओं में भी अपने विचारों को व्यक्त करने तथा उन्हें अपने स्तर से मा0 मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाने की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह पहल प्रारंभ की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि छात्राओं को समाचार-पत्र पढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनमें समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित हो सके। जनपद के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ सहायता प्राप्त विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। अब तक लगभग 7-8 विद्यालयों में यह पहल संचालित की जा चुकी है। विद्यार्थियों द्वारा बड़ी संख्या में चिट्ठियां लिखी जा रही हैं, जिनमें उन्होंने देश को आगे ले जाने के लिए अपने विचार, सुझाव एवं मा0 मुख्यमंत्री जी को दिए जाने वाले संदेश व्यक्त किए हैं।

उन्होंने कहा कि इन चिट्ठियों के माध्यम से विद्यार्थियों की जागरूकता, रचनात्मक सोच एवं देश के प्रति संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से सामने आ रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया, रील्स एवं शॉर्ट्स की ओर तेजी से आकर्षित हो रही है। ऐसे समय में बच्चों को पेन और पेपर से जोड़ना तथा उन्हें अपने विचारों को लिखित रूप में अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना इस पहल का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्यार्थी बताते हैं कि उन्होंने इससे पहले कभी पत्र नहीं लिखा और यह उनके लिए पहली बार है। ऐसे में यह पहल बच्चों को लेखन की ओर वापस जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

जिलाधिकारी ने बताया कि पत्र लेखन पहल के साथ-साथ जनपद के विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से विद्यार्थियों का डेंटल चेकअप तथा ऑटो एनालाइजर के जरिए सीबीसी सहित रक्त संबंधी जांच की जा रही है। इससे एनीमिया अथवा तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का समय से चिन्हांकन कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सपनों एवं लक्ष्यों को सही दिशा देना भी आवश्यक है।

# एंटी करप्शन ट्रैप के विरोध में थमी लेखपालों की कलम

- समाधान दिवस का किया बहिष्कार
- अयोध्या के लेखपाल प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, पटियाली।




उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई ने अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्षदीप के विरुद्ध हुई एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल और धरना-प्रदर्शन किया। लेखपालों ने थाना समाधान दिवस का भी बहिष्कार किया और मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी आतिश कुमार सिंह के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने समेत कई मांगें उठाईं।

संघ के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाराशर और तहसील मंत्री विवेक कुमार की ओर से भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि लेखपाल राजस्व विभाग का जनता से सीधे जुड़ा अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी है। भूमि विवाद, पैमाइश, अतिक्रमण और अन्य राजस्व कार्यों के दौरान कई बार लोगों से विवाद की स्थिति बनती है। संगठन का आरोप है कि निजी रंजिश अथवा दुर्भावना के चलते कुछ लोग झूठी शिकायत कर लेखपालों को फंसाने का प्रयास करते हैं।

ज्ञापन में कहा गया कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एंटी करप्शन और विजिलेंस की ओर से ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, शिकायत के उद्देश्य, संभावित रंजिश और संबंधित कार्य में लेखपाल की वास्तविक भूमिका की पर्याप्त जांच की जानी चाहिए। लेखपाल संघ ने 20 अगस्त को अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्षदीप के साथ हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए मामले की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की कि भविष्य में किसी लेखपाल के विरुद्ध ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायत की सत्यता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि और रंजिश की जांच अनिवार्य की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिस कार्य के लिए शिकायत की गई है, वह वास्तव में संबंधित लेखपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है या नहीं। संघ ने ट्रैप कार्रवाई के लिए स्पष्ट और कड़े मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने की भी मांग की।धरना-प्रदर्शन के दौरान नरेंद्र पाल वर्मा, अंकुर शाक्य, शुभम अग्रवाल, अनुज तोमर, आशीष चौहान, आशीष कुमार, गिरींद्र कुमार, सुधांशु पचौरी, राकेश राजपूत, ऋषि कुमार, सत्येंद्र सिंह, वीरेश बाबू, सुनील सिंह, अनुज कुमार, बृज बिहारी लाल, विनोद खरवार सहित अन्य लेखपाल उपस्थित रहे।

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में सोरों में गरजे सवर्ण युवा

- काली पट्टी बांधकर जताया विरोध
- आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सोरों।




दिल्ली के जंतर-मंतर पर आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को सोरों शूकर क्षेत्र में सैकड़ों सवर्ण युवाओं ने सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। ब्राह्मण कल्याण सभा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में युवाओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधी और काले झंडे दिखाकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए ब्राह्मण कल्याण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद कुमार पांडे ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था को जातिगत आधार के बजाय आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग की। उनका कहना था कि समाज में समानता और प्रतिभा के सम्मान के लिए आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा जरूरी है।

धरना संयोजक शिव वंदेल ने कहा कि आरक्षण का लाभ समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने मांग की कि आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को समान अवसर मिले और आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया जाए। उन्होंने शिक्षा में आरक्षण देने की पैरवी करते हुए नौकरियों और प्रमोशन में आरक्षण की व्यवस्था पर सवाल उठाए।

धरने में राहुल निर्भय ने कहा कि लंबे समय से भाजपा के लिए काम करने वाले सवर्ण युवाओं को अब अपने बच्चों के भविष्य की चिंता है। कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार के समान अवसर मिलने चाहिए। सभासद विष्णुकांत तिवारी ने जंतर-मंतर पर हुए लाठीचार्ज को निंदनीय बताते हुए आरक्षण को आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर इसे आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग उठाई गई। इस मौके पर ब्राह्मण कल्याण सेवा संस्थापक अध्यक्ष शरद कुमार पांडे, संयोजक शिव, उपाध्यक्ष सौरव उपाध्याय, जयप्रकाश त्रिवेदी, जिला अध्यक्ष पवन वशिष्ठ, नगर अध्यक्ष धनदीप डगेरा, सौरभ पाठक, गंगा विष्णु माटीदार, केशव महेश, अंशुल भारद्वाज, शोभित गौड़, दीपक निर्भय, अंशुल दुबे, श्याम बिहारी दीक्षित, विकास तिवारी, अर्जुन मिश्रा, विष्णु कांत तिवारी, विनय तिवारी, पारस दीक्षित, गगन पंडित, हरिओम पचौरी, गिरधारी लाल भारद्वाज, राहुल निर्भय, अनुज तिवारी, सिद्धार्थ चौधरी, अर्जुन रामलोटा, गौरव उपाध्याय, धर्मेंद्र पाठक, रोहित पंडित, आशुतोष निर्भय, दीपक कृष्ण कोठेवर, कन्हैया निर्भय, रानू तिवारी, हिमांशु पचौरी, जय किशन मिश्रा, अभय निर्भय, गोकुल दोंदेरिया और पवन दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत पर हंगामा

अलीगढ़। रोरावर थाना क्षेत्र के एक निजी हॉस्पीटल में एक प्रसूता की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए, अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रोरावर क्षेत्र गोश्त वाली गली निवासी आस मोहम्मद की पत्नी हिना की परिजन उसे पहले बच्चे की डिलीवरी के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार सुबह हिना को जिला अस्पताल ले जाया गया था। वहां हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत के चलते उसे जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। आरोप है कि वहां भी इलाज नहीं मिला, जिसके बाद परिजन उसे नादा पुल स्थित निजी अस्पताल ले आए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# ट्रेन में हुई जहरखुरानी, 48 घंटे में गिरफ्तारी

- चाय में नशीली गोलियां मिलाकर यात्री को बनाया शिकार
- एआई से तैयार कराया स्केच, सर्विलांस से दबोचा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



चलती ट्रेन में यात्री को नशीली गोलियां खिलाकर बेहोश करने और जेब से पांच हजार रुपये चोरी करने के मामले में जीआरपी कासगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 65 वर्षीय शातिर जहरखुरान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीली दवा की छह अल्प्राजोलम गोलियां और चोरी की रकम में से 1130 रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, 20 अगस्त को निमाई पुत्र कुटीसर निवासी गांव कुढ़ा, थाना पटियाली कासगंज से पटियाली जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन संख्या 55342 में सवार हुए थे। इसी दौरान आरोपी ने बातचीत के बहाने उन्हें विश्वास में लिया और चाय में नशीली गोलियां मिलाकर पिला दीं। कुछ देर बाद निमाई बेहोश हो गए और आरोपी उनकी जेब में रखे पांच हजार रुपये लेकर फरार हो गया। मैनपुरी में यात्री के बेहोश होने की जानकारी मिलने पर उसे ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने के बाद घटना की जानकारी हुई, जिसके आधार पर जीआरपी कासगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

पीड़ित ने पुलिस को आरोपी का हुलिया बताया था। उसकी उम्र करीब 65 वर्ष, सिर के बीच में बाल नहीं होने और दोनों ओर काले बाल तथा बिना दाढ़ी के होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से संदिग्ध आरोपी का संभावित स्केच तैयार कराया। इसके बाद सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और व्यक्तिगत सुरागरसी के जरिए आरोपी दिनेश पुत्र आत्माराम निवासी नगला सुदन, थाना मेरापुर, फरुर्खाबाद को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया गया।

मामले में तत्परता से खुलासा करने और आरोपी की गिरफ्तारी व बरामदगी पर पुलिस अधीक्षक रेलवे, आगरा ने जीआरपी कासगंज पुलिस टीम को उत्साहवर्धन के लिए 10 हजार रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। गिरफ्तार आरोपी दिनेश को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कोमल कुंतल, प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार मीणा आरपीएफ पोस्ट कासगंज, उपनिरीक्षक मो. नाजिर, कांस्टेबल विवेक कुमार, जीतू कुमार और आरपीएफ के कांस्टेबल गुरुप्रीत सिंह शामिल रहे।

## स्वास्थ्य कैंप का उद्देश्य शरीर को स्वस्थ रखने के प्रति जागरूक करना - जिलाधिकारी

हाथरस। जी0एस0ए0एस0 बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुरसान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा जनसहयोग से कराए गए कार्यों, जिनमें कमरों की छतों की मरम्मत एवं फर्नीचर की उपलब्धता शामिल है, का निरीक्षण किया। विद्यालय में तैयार किए गए प्रोजेक्टर युक्त एक्टिविटी रूम का छात्राओं ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। एक्टिविटी रूम में की गई व्यवस्थाओं पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। आयोजित स्वास्थ्य कैंप में छात्राओं की आंखों एवं रक्त की जांच की गई। जिलाधिकारी ने छात्राओं के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जाने की व्यवस्था लागू करने तथा समय-समय पर होने वाली स्वास्थ्य जांच का विवरण स्वास्थ्य कार्ड में अंकित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य कैंप का मुख्य उद्देश्य विशेषकर बच्चों एवं किशोरियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा शरीर में पोषण की कमी को समय रहते पहचानकर उसका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि हमारा शरीर हमारा सबसे अच्छा और सच्चा साथी है, जो हर परिस्थिति में हमारा साथ देता है। इसलिए हमें अपने शरीर और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। छात्राओं से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है। भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, चना, सलाद तथा अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को नियमित रूप से शामिल करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन सहित अनेक आवश्यक पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत हैं। उन्होंने मैदा से बने खाद्य पदार्थों का सेवन कम करने तथा पौष्टिक एवं प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देने की सलाह दी।



## गंगा का जलस्तर बढ़ा तो अलर्ट हुई पुलिस

टीएनएफ टुडे, सोरोंजी। श्रावण मास के अंतिम सोमवार से पहले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को एसपी कासगंज ओपी सिंह ने थाना सोरों क्षेत्र के लहरा गंगा घाट और कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने गंगा घाट पर मौजूद कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने गंगा का जलस्तर बढ़ने को देखते हुए श्रद्धालुओं से निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही स्नान करने और पुलिस के सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की। घाट पर तैनात पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग करते हुए एसपी ने कहा कि श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखा जाए और सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही न हो। घाटों पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने कांवड़ यात्रा रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्जन, पार्किंग, विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, फूड सेफ्टी समेत अन्य व्यवस्थाओं को परखा गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक सोरों लोकेश सिंह भाटी समेत संबंधित अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## फांसी वाला कुआं समेत ऐतिहासिक घटनास्थलों की तैयार होगी

अलीगढ़। स्वाधीनता महासमर की गौरवशाली गाथा से जुड़े अलीगढ़ के ऐतिहासिक स्थलों एवं घटनास्थलों को संरक्षित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। फांसी वाला कुआं समेत ऐसे सभी स्थलों को चिह्नित कर उनके संरक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यह आश्वासन जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के प्रतिनिधिमंडल को दिया। स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के प्रतिनिधिमंडल ने कामेश गौतम के नेतृत्व में जिलाधिकारी से भेंट की। इस दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेंद्र शर्मा ने स्वाधीनता महासमर में अलीगढ़ की ह्यमातृशक्ति और साधु-संतह्न पुस्तक जिलाधिकारी को भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर तैयार की गई प्रदर्शनी अपने आप में अद्वितीय है। इस प्रदर्शनी को जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में प्रदर्शित कर नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए स्वाधीनता संग्राम से जुड़े सभी प्रमुख घटनास्थलों की सूची तैयार करने और प्रत्येक स्थल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# एटा के पूर्व सीएमओ की वित्तीय अनियमिताओं के विरुद्ध स्पेशल ऑडिट..!

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जिले के पूर्व मुख्यचित्साधिकारी की सेवा निवृत्त के बाद की गई एक शिकायत पर स्पेशल ऑडिट शुरू हुआ है। गत दिवस महानिदेशक वित्त नियंत्रक के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम ने एटा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डेरा डाल कर पड़ताल शुरू की। उक्त टीम में सुरेंद्र सिंह एवं रमेश चंद्र मौर्य वरिष्ठ संप्रेक्षक आडिट कर रहें हैं। यह स्पेशल ऑडिट उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य जौनपुर बृजेश सिंह की शिकायत पर की जा रही है। वरिष्ठ संप्रेक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया वर्ष २०२३-२४ एवं वर्ष २०२४-२५ का ऑडिट कर रहे हैं।इनमें बजट का मद परिवर्तन, अनावश्यक खर्च अनियमित बजट भुगतान, कर्मचारियों के गलत वेतन निर्धारण संबंधी बिंदु हैं। जिन पर नियमानुसार अभिलेखीय प्रमाण एकत्रित कर लिखित में वर्जन लिए गए हैं बहुचर्चित मलेरिया अधिकारी लोकमन के संबंध में संप्रेक्षक अधिकारियों ने भेंट के दौरान बताया उक्त कर्मी वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक हैं कोई मलेरिया अधिकारी जनपद में नहीं है। वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक गलत वेतन निर्धारण के कारण अधिक वेतन ले रहे हैं। वरिष्ठ संप्रेक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया ऐसे प्रकरण में लिखित पत्र लेकर प्रमाण एकत्रित किए जा रहें हैं। समझा जा रहा है यदि सम्यक तरीके से गुण दोष के आधार पर वित्तीय अनियमिताओं का परीक्षण किया गया तो अनेक कर्मियों अफसरों की कार्यवाही की तलवार लटक सकती है। अब देखना है जौनपुर के एमएलसी अवधेश कुमार सिंह की यह पहल क्या रंग लाती है ?

## चतुर्थ दिवस पर गूंजी त्रिपुरासुर व जालंधर वध की कथा, शिव महापुराण में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सिकंदराराऊ। कासगंज रोड स्थित समाजसेवी आकाश दीक्षित के ममता फार्म हाउस पर चल रहे भव्य श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा द्वारा व्यास पीठ का पूजन एवं आरती कर किया गया। इसके बाद कथा व्यास परम पूज्य श्री श्री श्री 1008 श्री सतगुरु शरण देव जी महाराज, अयोध्याधाम ने भगवान



शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को त्रिपुरासुर वध एवं जालंधर वध की कथा का भावपूर्ण रसपान कराया। कथा व्यास ने ताड़कासुर के तीनों पुत्रों त्रिपुरासुरों के जन्म, उनकी तपस्या, प्राप्त वरदान और वरदान के अहंकार में किए गए अत्याचारों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब त्रिपुरासुरों के अत्याचार से देवता, ऋषि-मुनि और समस्त प्राणी त्रस्त हो गए, तब सभी ने भगवान शिव की शरण ली। भगवान शिव ने धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के लिए त्रिपुरासुर का संहार किया। इसके साथ ही कथा में जालंधर वध का भी अत्यंत रोचक एवं मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास ने बताया कि जालंधर अत्यंत शक्तिशाली असुर था, लेकिन शक्ति और सामर्थ्य के बावजूद अहंकार तथा अधर्म के मार्ग पर चलने के कारण उसका अंत निश्चित हुआ।

## थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं

हाथरस। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ थाना कोतवाली हाथरस गेट पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का मौके पर मुआयना कर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान लगभग छह-सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में एक मामला दुर्घटना से संबंधित था। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रकरण में पीड़ित को शासन द्वारा संचालित किसी उपयुक्त योजना के माध्यम से सहायता अथवा पुनर्वास संबंधी लाभ दिलाए जाने की संभावनाओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# बाढ़ से हाहाकार: पटियाली के 6 गांव बने टापू

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



बाढ़ के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील पटियाली के प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। वर्तमान में पटियाली क्षेत्र के 06 राजस्व गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जहां प्रशासन स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अब तक 709 राशन किट का वितरण किया जा चुका है। इसके साथ ही गांवों में 24 घंटे नावों का संचालन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन और आपात स्थिति में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

बीमारियों पर प्रहारः 1,752 मरीजों का इलाज, 17 गांवों में दवा का छिड़काव

बाढ़ के बाद फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। अब तक 31 स्वास्थ्य शिविर लगाकर 1,752 लोगों का उपचार किया जा चुका है। शनिवार को कादरगंज खाम, नौली फतुआबाद, नरदौली पुख्ता और पीतम नगर में शिविर आयोजित कर दवाएं बांटी गईं। डॉक्टरों की टीम ने 117 ओआरएस पैकेट और 685 क्लोरीन टैबलेट भी वितरित किए। मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए 17 गांवों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया है, जिसमें मूंजखेड़ा और उलई खेड़ा भी शामिल हैं।

### बेजुबानों की सुरक्षाः 2,025 मवेशियों का टीकाकरण, 24 स्थानों पर लगे पशु शिविर

बाढ़ प्रभावित इलाकों में इंसानों के साथ-साथ मवेशियों के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पशुपालन विभाग ने अब तक 2,025 पशुओं का टीकाकरण करने के साथ 503 बीमार मवेशियों का इलाज किया है। इसके लिए कुल 24 पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए हैं। शनिवार को नगला पदम, राजेपुर कुड़ी, नगला हंसी और मूंजखेड़ा में शिविर लगाकर पशुओं का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रतिदिन धरातल पर उतरकर निरीक्षण करने और राहत कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगा भारत

## दूसरे टेस्ट में पडिक्कल-राहुल फिर दिखाएंगे दम

एजेंसी, कोलंबो।

श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 165 रन की शानदार जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम अब दो मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत और श्रीलंका के बीच सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट रविवार, 23 अगस्त से कोलंबो के सिन्हलीज स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। मैच सुबह 10 बजे से शुरू होगा। पहले टेस्ट में जीत के साथ भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी वापसी की है। अब टीम की नजर सीरीज जीत के साथ महत्वपूर्ण डब्ल्यूटीसी अंक हासिल करने पर होगी। भारत ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में बांग्लादेश को उसकी धरती पर 2-0 से हराकर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया था।

**कुलदीप यादव पर रहेंगी खास निगाहें**

दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम के सामने सबसे बड़ा सवाल प्लेइंग-11 को लेकर है और इसमें सबसे ज्यादा चर्चा कुलदीप यादव की हो रही है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप पहले टेस्ट में अपनी लय में नजर नहीं आए।

उन्होंने दोनों पारियों में कुल 25 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ एक विकेट हासिल किया। पहली पारी में उनका शुरूआती स्पेल प्रभावी रहा था, जिसमें उन्होंने कामिंदु मेंडिस को आउट किया। हालांकि इसके बाद वह अपनी सामान्य लाइन और लेंथ हासिल नहीं कर सके।

पहले टेस्ट में मैनव सुथार और रवींद्र जडेजा ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों पर जमकर दबाव बनाया था। ऐसे में टीम मैनेजमेंट के सामने कुलदीप को बरकरार रखने या उनकी जगह ऑफ स्पिनर सारांश जैन को मौका देने का विकल्प होगा। हालांकि कुलदीप के अनुभव और अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता को देखते हुए उन्हें बाहर बैठाना आसान फैसला नहीं होगा।



### सुथार ने छोड़ी गहरी छाप

पहले टेस्ट में मैनव सुथार भारत के सबसे प्रभावी गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने पहली पारी में 4/76 और दूसरी पारी में 6/55 के आंकड़े दर्ज किए। उनकी गेंदों में ड्रिफ्ट, डिप और टर्न ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। इस प्रदर्शन ने संकेत दिया कि सुथार मौजूदा समय के साथ-साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट के भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रवींद्र जडेजा ने भी शानदार नियंत्रण दिखाते हुए दोनों पारियों में क्रमशः 3/57 और 1/71 के आंकड़े दर्ज किए। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी कुछ बेहतरीन स्पेल डालते हुए मैच में तीन विकेट हासिल किए।

### बल्लेबाजी में भी भारत मजबूत

पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों ने भी टीम की जीत की नींव मजबूत की। साई सुदर्शन की गैरमौजूदगी में नंबर-3 पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने जिम्मेदारी अच्छी तरह संभाली। केएल राहुल ने पहली पारी में 82 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में अपने आक्रामक अंदाज का शानदार प्रदर्शन करते हुए 66 रन बनाए। पंत की इस पारी ने भारत को श्रीलंका के सामने 372 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने में मदद की।

### 'मेरा काम ट्रॉफियां जीतना है', आलोचनाओं पर गंभीर का जवाब

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आलोचनाओं और बाहरी शोर को दरकिनार करते हुए साफ कहा है कि उनका एकमात्र लक्ष्य भारत के लिए ट्रॉफियां जीतना है। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले गंभीर ने कहा कि उन्हें आलोचना, विचारों या लाइक्स की चिंता नहीं है और उनका पूरा ध्यान भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने पर है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में हार तथा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मिली शिकस्त के बाद गंभीर की कोचिंग पर सवाल उठे हैं। हालांकि, इंग्लैंड दौरे पर भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। आलोचनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर गंभीर ने कहा, 'मेरा काम ट्रॉफियां जीतना है। मैं सिर्फ इसी में विश्वास करता हूं और इसी की परवाह करता हूं। यही मेरे और बाकी लोगों के बीच अंतर है। मुझे विचारों या लाइक्स की चिंता नहीं है।'

### कुलदीप यादव का गंभीर ने किया बचाव

दूसरे टेस्ट में टीम संयोजन में बदलाव को लेकर गंभीर ने कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया। हालांकि, उन्होंने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का समर्थन किया। गंभीर ने कहा कि टीम ऐसी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी इकाई उतारने की कोशिश करेगी, जो 20 विकेट हासिल कर सके। गॉल टेस्ट में कुलदीप ने दोनों पारियों में कुल 25 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्हें कम ओवर दिए जाने के सवाल पर गंभीर ने कहा, 'कुलदीप एक अच्छे गेंदबाज हैं और कभी-कभी यह कप्तान पर भी निर्भर करता है।'

### स्पिनरों के लिए मददगार होगी पिच

दूसरे टेस्ट में भी स्पिनरों के लिए मददगार पिच मिलने की उम्मीद है। ऐसे में दोनों टीमों के स्पिन आक्रमण की भूमिका अहम होगी। भारत जहां अपनी बढ़त को सीरीज जीत में बदलना चाहेगा, वहीं श्रीलंका आखिरी मुकाबले में वापसी कर सीरीज बराबर करने की कोशिश करेगा।

### अगरकर से बातचीत में सिर्फ क्रिकेट पर फोकस

चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ अपनी बातचीत के बारे में गंभीर ने कहा कि दोनों के बीच चर्चा का मुख्य विषय भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाना और सही फैसले करना होता है। उन्होंने कहा कि बातचीत इस बात पर केंद्रित रहती है कि भारतीय क्रिकेट को किस दिशा में आगे बढ़ाया जाए, क्या महत्वपूर्ण है और खेल की बेहतरी के लिए कौन से फैसले लेने चाहिए।

### श्रीलंका के मध्यक्रम ने दिखाई लड़ने की क्षमता

पहले टेस्ट में श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज दोनों पारियों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। हालांकि मध्यक्रम ने कई मौकों पर भारतीय गेंदबाजों को चुनौती दी। सोनल दिनुषा, निरोशन डिकवेला और धनंजय डी सिल्वा ने बल्ले से टीम को संभालने की कोशिश की। गेंदबाजी में असिथा फर्नांडो, केशरा नुवांथा और प्रभात जयसूर्या ने प्रभावित किया।

### डब्ल्यूटीसी रैंकिंग को ज्यादा तवज्जो नहीं

भारत फिलहाल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में पांचवें स्थान पर है। उससे ऊपर ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश हैं। हालांकि, गंभीर ने रैंकिंग को लेकर ज्यादा चिंता नहीं जताई। उन्होंने कहा, 'रैंकिंग मायने नहीं रखती। हम संघर्ष नहीं कर रहे हैं।'

## विश्व चैंपियनशिप में त्रीसा-गायत्री का कमाल, भारत को मिला महिला युगल में कांस्य



एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शानदार यात्रा का महिला युगल विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अंत हो गया। भारतीय जोड़ी को शनिवार को विश्व नंबर-1 और गत चैंपियन चीन की लियू शेंग शू और तान निंग के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-18, 13-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सेमीफाइनल तक पहुंचने के साथ ही त्रीसा और गायत्री ने विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक पक्का कर लिया। भारतीय जोड़ी ने करीब एक घंटे 11 मिनट तक मुकाबला किया और पहले गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत चीनी जोड़ी को दबाव में डाल दिया।

### पहला गेम जीतकर किया शानदार आगाज

विश्व नंबर-1 चीनी जोड़ी के खिलाफ त्रीसा और गायत्री ने आक्रामक शुरूआत की और 7-2 की बढ़त बना ली। हालांकि लियू और तान ने लगातार छह अंक लेकर मुकाबले में वापसी की और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की। 31 शॉट की लंबी रैली के बाद स्कोर 12-12 हुआ। इसके बाद त्रीसा ने बेहतरीन क्रॉस-कोर्ट विनर लगाकर भारत को बढ़त दिलाई। दोनों भारतीय खिलाड़ियों के आक्रामक खेल ने चीनी जोड़ी को लगातार परेशानी में डाला। स्कोर 18-18 होने के बाद त्रीसा ने शानदार क्रॉस-कोर्ट विनर लगाया और भारत को 19-18 की बढ़त दिलाई। इसके बाद चीन की गलती से भारत को दो गेम प्वाइंट मिले और भारतीय जोड़ी ने पहला ही गेम प्वाइंट भुनाकर 21-18 से गेम अपने नाम कर लिया।

### दूसरे गेम में चीन ने की वापसी

दूसरे गेम की शुरूआत में चीन ने 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन त्रीसा और गायत्री ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 10-10 कर दिया। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने 12-11 की बढ़त भी हासिल की। यहीं से लियू और तान ने मुकाबले पर पकड़ मजबूत करनी शुरू की। भारतीय खिलाड़ियों की कुछ गलतियों का फायदा उठाते हुए चीन ने 17-12 की बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी दबाव में नजर आई और चीन ने 21-13 से दूसरा गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम में पहुंचा दिया।

# मनोरंजन

## 'स्पिरिट' विवाद में निर्माता के दावों पर दीपिका ने दी प्रतिक्रिया



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। मगर इससे जुड़ा विवाद अभी भी खत्म नहीं हुआ है। उस समय दीपिका के बाहर निकलने और उससे जुड़ी खबरों ने काफी चर्चा बटोरीं थीं।

यह मुद्दा अब फिर से सुर्खियों में आया, जब निर्देशक वांगा के भाई ने दावा किया कि दीपिका के बाहर निकलने की वजह उनकी 10 प्रतिशत फायदे की मांग को न मानना था। इसके बाद, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दोनों प्रणय वांगा के बयान पर सवाल उठाए गए। दीपिका ने इसका समर्थन किया है।

**यूजर ने क्या सवाल उठाया?**

शुक्रवार को एक यूजर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए एक लंबा नोट शेयर किया। प्रणय वांगा के हालिया बयान का जिक्र करते हुए पोस्ट में लिखा गया 'संदीप रेड्डी वांगा के भाई प्रणय का दावा है कि दीपिका पादुकोण ने 'स्पिरिट' के फायदे में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मांगी थी। मैं बस सोच रही हूं, क्या हम भूल गए हैं कि पुरुष अभिनेता वर्षों से ऐसा करते आ रहे हैं? जब कोई महिला ऐसा करती है, तो यह खबर क्यों बन जाती है?' पोस्ट में यूजर ने उस दोहरे मापदंड पर सवाल उठाया गया। पोस्ट में आगे लिखा गया 'एक महिला ने डील ठुकरा दी, और महिला-विरोधी सोच एक महिला के 'ना' को बर्दाश्त नहीं कर पाई।'

**दीपिका ने दी प्रतिक्रिया**

दीपिका पादुकोण ने पोस्ट को लाइक करके अपना समर्थन दिखाया। शनिवार सुबह तक, 12 घंटों में पोस्ट को 8 हजार से ज्यादा लाइक्स और लगभग 2 हजार रीपोस्ट और शेयर मिले, जिससे दीपिका के कई फैंस का समर्थन जाहिर हुआ।

**प्रणय ने दीपिका पर क्या आरोप लगाए?**

प्रणय के अनुसार, संदीप लगभग डेढ़ साल से दीपिका पादुकोण के संपर्क में थे और उन्हें कास्ट करना चाहते थे। बॉक्स ऑफिस पर एक्ट्रेस की सफलता ने उन्हें कई शर्तों पर बातचीत करने की स्थिति में ला दिया था। उन्होंने फिल्म के मुनाफे का 10 प्रतिशत हिस्सा मांगा। इसके तुरंत बाद, बात हद से आगे बढ़ गई। वह कुछ भी मांग सकती हैं। अगर हम देने को तैयार हों, तो दे सकते हैं। मगर हमारे लिए बजट का हिसाब-किताब भी सही बैठना चाहिए। हमें लगा कि यह मुमकिन नहीं हो पा रहा है। इसीलिए हमने दूसरे विकल्पों के बारे में सोचा।

**क्या है 'स्पिरिट' का विवाद?**

फिल्म से दीपिका के हटने पर ऑनलाइन काफी विवाद हुआ था, क्योंकि एक्ट्रेस ने आठ घंटे के काम के शेड्यूल की मांग की थी। एक्ट्रेस ने पिछले साल इस मुद्दे पर बात करते हुए सवाल उठाया था कि जब पुरुष सुपरस्टार उतने ही घंटे काम कर सकते हैं और अपने शेड्यूल को सिर्फ कामकाजी दिनों (वीकडेज) तक सीमित रख सकते हैं, तो महिला कलाकार ऐसी मांगें क्यों नहीं कर सकतीं।

'स्पिरिट' मार्च 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्मों ने सिखाया अनजान चीजों से डरना नहीं, प्यार करना जरूरी: कियारा

अभिनेत्री कियारा आडवाणी बहुप्रतिक्षित भारतीय एक्शन-ड्रामा फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में एक परतदार और बोल्ड सर्कस कलाकार का किरदार निभा रही हैं। बुधवार को अभिनेत्री ने अभिनय की दुनिया के अनुभव के बारे में बताया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की मेकिंग के दौरान की अपनी एक दिलचस्प तस्वीर शेयर की। तस्वीर में, एक्ट्रेस पानी से भरे एक बड़े, ट्रांसपेरेंट, कटोरे जैसे टैंक के अंदर आराम करती दिख रही हैं।

अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि फिल्म ने उन्हें उनके कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला और अनजान चीजों को अपनाना और रास्ते में नई स्किल्स सीखना सिखाया। अभिनेत्री ने लिखा, ₹फिल्में हमें ऐसी दुनिया में ले जाती हैं, जिसे हम कभी जानते ही नहीं, कभी-कभी तो सचमुच हर नया किरदार, नया सेट और क्रेजी चैलेंज आपको कुछ ऐसा सिखाता है, जिसके बारे में आपको पता नहीं होता है कि आप इसके काबिल भी हैं कि नहीं।₹

अभिनेत्री ने बताया कि फिल्मों ने उन्हें काफी सारी बातें सिखाई हैं। उन्होंने लिखा, ₹फिल्मों ने मुझे अनजान चीजों के साथ कम्फर्टेबल, क्यूरियस, सीखते रहना और इन सबके एडवेंचर में खुशी ढूंढना सिखाया। क्योंकि मेरे लिए, ग्रोथ हमेशा उन चीजों के लिए हाँ कहने के बारे में रही है जो आपको थोड़ा डराती हैं और उसके बाद के सफर को पसंद करने के बारे में।₹

उन्होंने आगे लिखा, ₹यह नई स्किल्स, नए एडवेंचर और उस तरह के पैशन के लिए है जो आपको बार-बार इसमें कूदने के लिए तैयार रखता है।₹

अभिनेत्री कियारा आडवाणी आगामी पैन-इंडिया गैंगस्टर फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोवन-अप्स' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी, जहां वह 'नादिया' नाम की एक सर्कस परफॉर्मर का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सुपरस्टार यश के साथ है।



फिल्म के टीजर और गाने पहले ही रिलीज कर दिए जा चुके हैं, जिसमें अभिनेत्री यश के साथ कुछ बोल्ड और इंटिमेट सीन्स में नजर आई, जो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहे हैं। हालांकि, इस बीच फिल्म की पूरी टीम कियारा के साथ नजर आई।

वहीं, कियारा का मानना है कि यह बोल्ड और मजबूत किरदार उनके अभिनय करियर का एक बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हो सकता है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित फिल्म में यश (डबल रोल – राया और रूमी), कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे कलाकार नजर आएंगे।

## 'तुम्बाड 2' के सेट पर नजर आईं आलिया भट्ट

बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा आलिया भट्ट को 'तुम्बाड 2' के सेट पर देखा गया है। आलिया भट्ट इस जुलाई में ही इस लोक-कथा पर आधारित हॉरर फ्रेंचाइजी से आधिकारिक तौर पर जुड़ी हैं। आलिया के सेट पर नजर आने से इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल को लेकर उत्साह और बढ़ गया है।

**वायरल पोस्ट में क्या है?**

सोशल मीडिया पर आलिया भट्ट की जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उसमें देखा जा सकता है कि अभिनेत्री ओवरसाइज्ड धारीदार शर्ट के साथ कैजुअल लुक में हैं। अभिनेत्री ने टीम के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। वायरल पोस्ट के मुताबिक आलिया चल रहे शेड्यूल के लिए सेट पर पहुंची थीं, जिसमें कथित तौर पर एक नदी और एक पुराने किले के आस-पास फिल्माए जाने वाले दृश्य शामिल थे।

**आलिया भट्ट के शामिल होने से क्या बदलेगा?**

आलिया भट्ट का इस फिल्म में शामिल होना हॉरर जॉनर में उनका पहला बड़ा कदम है।

वह शोहम शाह और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। आलिया के शामिल होने से कहानी में एक नया आयाम जुड़ने की उम्मीद है। सिद्दीकी के भी सीक्वल की कास्ट का अहम हिस्सा होने की पुष्टि हो चुकी है। मेकर्स ने फिल्म के दोनों किरदारों के बारे में जानकारी अभी गुप्त रखी है। उम्मीद है कि कहानी में सिद्दीकी का रोल अहम होगा।

**आलिया को लेकर क्या बोले मेकर्स?**

यह शूटिंग मेकर्स द्वारा आलिया भट्ट के कास्ट में शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि के कुछ समय बाद हो रही है। शाह ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का स्वागत करते हुए लिखा, 'तुंबाड की दुनिया बढ़ रही है, एक नया चैप्टर आकार ले रहा है। हम 'तुम्बाड 2' की कास्ट में आलिया भट्ट का स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं।'

**कब रिलीज होगी फिल्म?**

आदेश प्रसाद के निर्देशन और सोहम शाह की अगुवाई में बन रही 'तुंबाड 2' इस कहानी की पौराणिक दुनिया को और आगे बढ़ाएगी। उम्मीद है कि यह सीक्वल लालच, डर और इंसानी फितरत जैसे उन अहम विषयों को बनाए रखेगा जो ओरिजिनल फिल्म का मुख्य हिस्सा थे। प्रोडक्शन टीम के मुताबिक, शुरूआती शूटिंग के लिए मुंबई में लगभग 7-8 एकड़ में फैला एक बड़ा सेट बनाया गया था, जिसे एक पूरे शहर जैसा रूप दिया गया। फिल्म के मेकर्स ने इसके लिए 3 दिसंबर, 2027 की थिएटर रिलीज डेट का ऐलान किया है।



### ब्रजभाषा काव्य मंच और वरिष्ठजन सम्मान समिति अंतरराष्ट्रीय के संयुक्त तत्वावधान में

## वरिष्ठजन सम्मान एवं कवि सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

**माता-पिता को वृद्धाश्रम भेजने की प्रवृत्ति रोकना जरूरी : उमापति दीक्षित**

**कुटुंब प्रबोधन से दूर होगी समस्या : पुरुषोत्तम खण्डेलवाल**

**वरिष्ठजन सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन में गूंजा बुजुर्गों के सम्मान का संदेश**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

पश्चिमपुरी स्थित श्री हरिकृष्ण वरिष्ठजन सम्मान भवन में शुक्रवार को 'ब्रजभाषा काव्य मंच' एवं 'वृद्धजन सम्मान समिति (अंतरराष्ट्रीय)' के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठजन सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'माता-पिता को वृद्धाश्रम भेजने की प्रवृत्ति को कैसे रोका जाए?' रहा। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और बदलते पारिवारिक परिवेश के बीच बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदना और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पांजलि समूह के प्रमुख डॉ. वी डी अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल रहे। परिचर्चा में केंद्रीय हिंदी संस्थान के प्रो. उमापति दीक्षित, दयालबाग विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त डॉ. कमलेश नागर सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठजन परिवार की धरोहर और अनुभव का भंडार हैं। उन्हें उपेक्षित करने के बजाय परिवार में सम्मानजनक स्थान दिया जाना चाहिए।

परिचर्चा के दौरान बृजभाषा काव्य मंच के अध्यक्ष रामेंद्र शर्मा "रवि" ने कहा कि माता-पिता को वृद्धाश्रम भेजना किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। परिवार में संवाद, आपसी समझ और संस्कारों को मजबूत कर ऐसी परिस्थितियों को काफी हद तक रोका जा सकता है। युवाओं को अपने माता-पिता के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए सामाजिक संस्थाओं को भी निरंतर प्रयास करने चाहिए।



इसके बाद डॉ.शशि तिवारी, डॉ. कमलेश नागर, डॉ. उमापति दीक्षित, राम अवतार शर्मा, अशोक अश्रु, राजकुमारी चौहान,विजय चतुर्वेदी सहित मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम खंडेलवाल (विधायक) वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें पलवल फरीदाबाद से कुमार दत्त शर्मा 'कुमर', हाथरस से वीरेंद्र पाठक, मथुरा से आचार्य निर्मल, बाह से देवनारायण शर्मा, टूंडला से प्रणव कुलश्रेष्ठ सहित आगरा की रमा वर्मा 'श्याम', मीरा परिहार, यादराम सिंह 'कविकिंकर', विजय चतुर्वेदी, ब्रज बिहारी लाल 'बिरजू', राम अवतार शर्मा, राकेश शर्मा दद्दू, पंडित महेश शर्मा गोपाली, राजीव क्वात्रा, प्रभुदत्त उपाध्याय, उमाशंकर पाराशर, डॉ कुसुम चतुर्वेदी, राजीव शर्मा निस्प्रह, डॉ. अनार सिंह अग्र, मीना शर्मा, मोहिनी भटनागर, वीना अब्राहम सिंह, डॉ. यशोयश, रामेश्वर दयाल, रामेंद्र शर्मा रवि सहित अनेक कवियों ने काव्य पाठ किया। कवि पदम गौतम ने अपनी काव्य प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को माता-पिता के प्रति कर्तव्य का संदेश देते हुए कहा–

''वृद्धाश्रम में मात-पिता को छोड़ के जाने वाले सुन,
तेरे भी बच्चों के द्वारा तुझको छोड़ा जाएगा।''

इन पंक्तियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और सभागार तालियों से गूंज उठा। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों और पारिवारिक मूल्यों को प्रस्तुत किया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी, वरिष्ठजन एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठजन सम्मान समिति के सह संस्थापक डॉ. गिरीश गुप्ता ने दिया एवं संचालन ब्रजभाषा काव्य मंच के डॉ. रामेन्द्र शर्मा 'रवि' ने किया।